DELHI CRIME 11 june 2022:Layout 1 6/10/2022 7:55 PM Page 1

निष्पक्ष, निर्भीक, स्वतंत्र विचार व अपराध निरोधक मुख्य हिन्दी राष्ट्रीय समाचार पत्र

# दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा

DELHI CRIME WA BHRASHTACHAR VIRODHI MORCHA

Website- Delhicrimepress.in
Email-info@delhicrimepress.in

RNI No. DELHIN/2005/15378 | DCP Lic. No. F-2(D-9)PRESS/2005 | वर्ष-01 | शनिवार 11 जून 2022 | पीडीएफ अंक-52 | पृष्ठ-8 | मूल्य-निःशुल्क

### मौसम

अधिकतम – 43 सूर्योदय – 5 : 22
न्यूनतम – 30 सूर्यास्त – 7 : 18

### सोना चांदी

सोना – 52495.00 प्रति 10 ग्र चांदी – 62200.00 किलो

### अर्थसार

सैंसेक्स – 54303.44 निफ्टी – 16201.80
रु/यूएस डॉलर – 78.10 रु/यूरो – 82.24

### न्यूज फ्लैश

## दिल्ली देश का पहला राज्य जहां ट्री ट्रांसप्लांटेशन पॉलिसी है : केजरीवाल



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली देश का पहला राज्य है जहां पेड़ो को बचाने के लिए ट्री ट्रांसप्लांटेशन पॉलिसी लाई गई है। केजरीवाल ने शुक्रवार को मयूर विहार जाकर ट्रांसप्लांट किए गए पेड़ों को देखा और मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि दिल्ली को हरा-भरा रखने के लिए हम हर साल नए पौधे भी लगा रहे हैं और बड़े पेड़ो को ट्रांसप्लांट भी कर रहे हैं। मयूर विहार में ट्रांसप्लांट किए गए 220 में से 190 पेड़ फिर से हरे भरे हो गए हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में अब डेवलपमेंट के प्रोजेक्ट में आने वाले कम से कम 80 फीसद पेड़ों का ट्रांसप्लांटेशन करना अनिवार्य है। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में पहले, किसी डेवलमेंट के प्रोजेक्ट में एक पेड़ काटने पर 10 नए पौधे लगाने होते थे, लेकिन अब 10 नए पौधे लगाने के साथ 80 फीसदी पेड़ों का ट्रांसप्लांटेशन भी करना होगा। दिल्ली सरकार पर्यावरण को लेकर बेहद गंभीर है। इसी का परिणाम है कि दिल्ली में ट्री कवर 19.97 फीसद से बढ़कर 23 फीसद हो गया है। पॉलिसी के लागू होने के बाद ट्रांसप्लांट किए गए कुल पेड़ों में से 54 फीसद जीवित बचे हैं। कुछ जगहों पर ट्री ट्रांसप्लांटेशन की सफलता और असफलता को समझने के लिए देहरादून के फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट से ऑडिट कराया जाएगा। इस दौरान पर्यावरण एवं वन मंत्री गोपाल राय और विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## हिमाचल में 32 लाख लोगों ने उठाया सरकारी योजनाओं का लाभ: भाजपा

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में केंद्र व राज्य सरकारी की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से 32 लाख लोग लाभांवित हुए हैं। डबल इंजन सरकार की बदौलत यह संभव हो पाया है। भारतीय जनता पार्टी इन सभी लाभार्थियों से संपर्क साधेगी। भाजपा के प्रदेश प्रमुख प्रवक्ता रणधीर शर्मा ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की आयुष्मान योजना में 4.28 लाख लोगों ने लाभ उठाया है। हिमाचल सरकार की हिमकेयर योजना से 2.40 लाख लोग लाभांवित हुए। इसी तरह सहारा योजना से 20 हजार लोगों को लाभ पहुंचा है। उज्जवला योजना से 1.37 लाख, गहिणी सुविधा योजना से 3.23 लाख, किसान सम्मान निधि योजना से 9.37 लाख, आवास निर्माण योजना से 1.23 लाख, वन रैंक वन पैंशन से एक लाख, सामाजिक सुरक्षा पैंशन से 2.22 लाख मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना से 10 हजार से अधिक लोग लाभांवित हुए हैं। 60 यूनिट तक बिजली बिल माफ करने से 10.37 लाख बिजली उपभोक्ताओं को राहत मिली है। प्रदेश सरकार ने अब 125 यूनिट तक बिजली बिल माफ कर दिया है, जिसका लाभ जुलाई माह से मिलेगा। रणधीर शर्मा ने कहा कि डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों के कारण कांग्रेस पार्टी बैकफुट पर है और उनके नेता अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आलाकमान ने कुछ ऐसे फैसले लिए हैं जिससे कांग्रेस कार्डर का मनोबल गिरा है। कांग्रेस पार्टी ने अपनी एकता को बचाने के लिए पद दिए लेकिन इस प्रक्रिया में उनके अच्छे नेताओं की अनदेखी की गई। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के नेता अपने विधानसभा क्षेत्र में खुद को मुख्यमंत्री घोषित कर रहे हैं, अगर वे ऐसा नहीं करेंगे तो वे अपने-अपने क्षेत्रों में नहीं जीतेंगे।

## भ्रामक विज्ञापनों को रोकने के लिए सरकार ने जारी किए नए दिशानिर्देश

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार ने भ्रामक विज्ञापनों को रोकने के लिए नए दिशानिर्देश जारी किए, इसमें बच्चों को लक्षित करने और उपभोक्ताओं को लुभाने के लिए मुफ्त दावे करने वाले विज्ञापन शामिल हैं। दिशानिर्देशों में कहा गया कि विज्ञापन जारी करने से पहले उचित सावधानी बरती जाए। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय द्वारा अधिसूचित नए दिशानिर्देशों में ह्रसरोगेटह्व विज्ञापनों पर भी रोक लगाई गई है कि विज्ञापन दिखाते समय किसी उद्योग में अधिक पारदर्शिता लाने की बात कही गई है। ये दिशानिर्देश तत्काल प्रभाव से लागू हुए हैं। ह्रसरोगेटह्व विज्ञापन छद्म विज्ञापन होते हैं, जो किसी अन्य उत्पाद का प्रचार करते हैं। जैसे सोडा वाटर के बहाने शराब का प्रचार करना या इलायची के बहाने गुटखा का प्रचार करना। उपभोक्ता मामलों के सचिव ने इन दिशानिर्देशों की घोषणा कर हुए कहा, विज्ञापनों में उपभोक्ता काफी दिलचस्पी लेते हैं। सीसीपीए अधिनियम के तहत, उपभोक्ताओं के अधिकारों को प्रभावित करने वाले भ्रामक विज्ञापनों से निपटने का प्रावधान है ह्लहउन्होंने कहा,ह्लह्व...लेकिन उद्योग को अधिक स्पष्ट और जागरूक बनाने के लिए, सरकार आज से निष्पक्ष विज्ञापन के लिए दिशानिर्देश लेकर आई है। ये दिशानिर्देश प्रिंट, टेलीविजन और ऑनलाइन जैसे सभी मंचों पर प्रकाशित विज्ञापनों पर लागू होगा। नए दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने पर केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## कोरोना की चौथी लहर की संभावना कम : आईसीएमआर

**नई दिल्ली।** देश में पिछले कुछ दिनों से कोरोना के नए मामलों में एक बार फिर से बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। इसी के चलते देश में चौथी लहर की संभावना जताई जाने लगी है। हालांकि विशेषज्ञ इसकी संभावना को बेहद कम देख रहे हैं। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् (आईसीएमआर) के अतिरिक्त महानिदेशक समीरन पांडा ने बताया कि अभी यह कहना गलत है कि चौथी लहर आ रही है, हमें जिला स्तर के आंकड़ों की जांच करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कुछ जिलों में कोरोना के नए मामलों की बढ़ोतरी को पूरे देश में इसमें वृद्धि नहीं माना जा सकता है। कोरोना के सभी वेरियंट चिंता का विषय नहीं होते। वहीं, एम्स के विशेषज्ञ डॉ. संजय राय ने बताया कि कोरोना कही गया नहीं है। यह वायरस आता जाता रहेगा। जहां प्राकृतिक इंफेक्शन हो चुका है वहां संक्रमण की तीव्रता बेहद कम होगी। इसलिए इसे चौथी लहर के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।

# गुजरात गौरव अभियान का हिस्सा बनना मेरे लिए गर्व का क्षण: प्रधानमंत्री



**नवसारी/अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को नवसारी के खूंटवेल में एक जनसभा को संबोधित किया। इसकी सफलता पर उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मैंने पहली बार पांच लाख आदिवासी लोगों को एक साथ देखा है। गुजरात गौरव अभियान का हिस्सा बनना मेरे लिए गर्व की बात है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज की जनसभा में पांच लाख की संख्या एक साथ होना गर्व की बात है। गुजरात राज्य में विधानसभा चुनाव आगामी कुछ ही महीनों में होंगे। उन्होंने बताया कि मुझे चिखली आए हुए काफी समय हो गया है लेकिन मेरे आदिवासी भाइयों, बहनों तथा दोस्तों को अब और इंतजार नहीं करना होगा, क्योंकि मैं आदिवासी भाइयों और बहनों को सुन रहा था। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आदिवासी छात्रों को प्राथमिक से उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सक्षम बनाने के लिए बैंक खातों के माध्यम से हर साल अनुमानित 16 लाख आदिवासी छात्रों को प्री मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति भी वितरित की है। प्रधानमंत्री द्वारा आज नवसारी जिले के खूंटवेल के लिए कुल 2151 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का उद्घाटन किया गया।

इसके तहत 749 करोड़ की जल योजना, 85 करोड़ ऊर्जा क्षेत्र, 46 करोड़ सड़क और भवन और 20 करोड़ शहरी विकास कार्यों का उद्घाटन किया गया। प्रधानमंत्री ने आज नवसारी में मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन भी किया। इसमें नवसारी के छात्रों को एक मेडिकल कॉलेज द्वारा घर पर ही शिक्षा दी जानी है। इसके निर्माण पर 542 करोड़ रुपये की लागत आएगी। प्रधानमंत्री की यात्रा के दौरान पुलिस ने सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त कर रखे थे, ताकि पार-तापी रिवर लिंक परियोजना को लेकर कोई विरोध प्रदर्शन नहीं हो। बाद में प्रधानमंत्री राजमार्ग संख्या 48, नवसारी से सटे एमए नायक हेल्थकेयर कैंपस और निराली मिलिती स्पेशल कैंसर अस्पताल का भी उद्घाटन किया। अस्पताल की कुल क्षमता 400 बेड की है। इसमें फिलहाल 100 बेड प्राथमिक आधार पर शुरू किए जाएंगे।

## कनाडा में बैठे गैंगस्टरों पर नकेल कसे वहां की सरकार: मान

**-पंजाब के सीएम ने कनाडा सरकार से मांगी मदद**

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कनाडा से अपनी गतिविधियां चला रहे गैंगस्टरों को पकड़ने के लिए कनाडा सरकार से सहयोग की मांग की है। शुक्रवार को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री ने कैनेडियन हाई कमिश्नर कैमरॉन मकाए के साथ मुलाकात के दौरान यह मुद्दा उठाया। मुख्यमंत्री ने पंजाब और कनाडा दोनों स्थानों पर गिरोहबंदी और गैंग्स्टरों के बारे में विस्तार से बातचीत की। भगवंत मान ने कैनेडियन हाई कमिश्नर को बताया कि



कनाडा की धरती से गतिविधियां चला रहे कुछ पंजाबी गैंगस्टर पंजाब में सख्त मेहनत के बाद हासिल की गई अमन-शान्ति के लिए खतरा उत्पन्न कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह गैंगस्टर एक ओर कानून-व्यवस्था की समस्या खड़ी कर रहे हैं, दूसरी ओर राज्य की तरक्की की रफ्तार को पटरी से उतार रहे हैं। गैंगस्टरों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए भगवंत मान ने कहा कि इनको कानून की सख्त से सख्त धाराओं के अंतर्गत सजा होनी चाहिए, जिससे यह अन्यों को इस रास्ते पर जाने से रोकने का काम करें। कनाडा और पंजाब पुलिस के बीच साझा पुलिस कार्रवाई की वकालत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि केवल यही एक रास्ता है, जिससे हम दोनों स्थानों को गैंगस्टरों से मुक्त करवा सकेंगे। उन्होंने हाई कमिश्नर से कहा कि अगर कनाडा जैसी आधुनिक पुलिस फोर्स पंजाब पुलिस का सहयोग करेगी तो इन गैंगस्टरों का आसानी से खात्मा किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कनाडा के हाई कमिश्नर को पंजाब और कनाडा पुलिस के बीच सीधे तालमेल की संभावनाएं तलाशने के लिए कहा, ताकि गैंगस्टरों को सलाखों के पीछे पहुंचाया जा सके।

## दिल्ली हवाई अड्डे तक जाएंगी पंजाब की सरकारी वोल्वो बसें




**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने दिल्ली सरकार के साथ हुए समझौते के बाद 15 जून से अपनी सरकारी वोल्वो बसें दिल्ली हवाई अड्डे तक भेजने का ऐलान किया है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शुक्रवार को चंडीगढ़ से जारी एक वीडियो संदेश में कहा कि विदेशों में जाने वाले यात्री तथा एनआरआई अक्सर शिकायत करते थे कि उन्हें एयरपोर्ट आने-जाने के लिए प्राइवेट बसों से क्यों जाना पड़ता है। पंजाब में लंबे समय से सरकारी बसें दिल्ली हवाई अड्डे तक नहीं जा रही थीं। इसके विपरीत प्राइवेट बसों द्वारा हवाई अड्डे पर जाने वाले यात्रियों से मनमाने दाम वसूले जा रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सरकारी वॉल्वो बसों का किराया प्राइवेट बसों के आधे से भी कम होगा। इनमें सहूलियतें उनसे ज्यादा होंगी। भगवंत मान ने कहा कि इन बसों में बुकिंग के लिए पंजाब रोडवेज, पनबस या पेप्सू ऑनलाइन की वेबसाइट पर जाकर बुकिंग कर सकते हैं।

बसों का टाइम टेबल भी इन वेबसाइट से मिलेगा। मान ने कहा कि इससे बस माफिया खत्म करने में बड़ी मदद मिलेगी।

## सरकारों द्वारा नहीं बनाया जाता इतिहास, समाज को इतिहास से प्रेरणा लेकर आगे का रास्ता प्रशस्त करना चाहिए: शाह




**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि किसी भी समाज को अपना उज्ज्वल भविष्य बनाना है तो उसे अपने इतिहास से प्रेरणा और सीख लेकर आगे का रास्ता प्रशस्त करना चाहिए। क्योंकि इतिहास सरकारों द्वारा नहीं बनाया जा सकता। उन्होंने समाज से आग्रह किया कि वह इतिहास को उसके वास्तविक रूप में पेश करने की पहल करे। गृह मंत्री शाह ने यहां एनडीएमसी हॉल में ओमेन्द्र रत्नू की पुस्तक, महाराणाः सहस्त्र वर्षों का धर्मयुद्ध का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इतिहास सरकार और किताबों के आधार पर नहीं बनते हैं, सत्य घटनाओं के आधार पर बनते हैं। शाह ने विदेशी आक्रांताओं के खिलाफ भारतीय राजाओं द्वारा लड़े गए कई युद्धों को भुला दिए जाने पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि असम में अहोम राजाओं और उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में शिवाजी के नेतृत्व में मराठों द्वारा कि गई लड़ाइयों ने ही भारत को वह स्थान दिलाया है जहां वह आज है। केंद्रीय गृह मंत्री ने आगे कहा कि यह एक तथ्य है कि कुछ लोगों ने इतिहास को विकृत कर दिया है। उन्हें जो कुछ भी करना था, उन्होंने लिख दिया। किंतु, हमें अपने बारे में लिखने से कौन रोक सकता है? शाह ने कहा कि हमें कोई नहीं रोक सकता। इतिहास सरकारों द्वारा नहां बनाया गया है बल्कि सच्ची घटनाओं पर बनता है। उन्होंने कहा कि हमें टीका टिप्पणी छोड़ कर अपने गौरवशाली इतिहास को जनता के सामने रखना चाहिए, जब हमारा प्रयास बड़ा होगा तो झूठ का प्रयास खुद ही छोटा हो जायेगा। इसलिए हमें हमारा प्रयास बड़ा करने में अधिक ध्यान देना चाहिए। किसी भी समाज को अपना उज्ज्वल भविष्य बनाना है

● ....शेष भाग पेज 3 पर

## डेनमार्क के राजदूत ने सीएम अरविंद केजरीवाल से की मुलाकात, इलेक्ट्रिक वाहन पॉलिसी को सराहा



**नई दिल्ली।** डेनमार्क के राजदूत फ्रेड्डी स्वेन ने आज दिल्ली सचिवालय में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच वायु प्रदूषण, ग्राउंड वाटर रिचार्ज और विश्व स्तरीय सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने डेनमार्क के राजदूत से ग्राउंड वाटर रिचार्ज और वायु प्रदूषण कम करने को लेकर डेनमार्क में किए गए प्रयासों पर प्रजेंटेशन देने की बात कही। डेनमार्क जल्द ही ग्राउंड वाटर रिचार्ज और वायु प्रदूषण को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के समक्ष एक प्रजेंटेशन देगा। वहीं, मुख्यमंत्री ने कहा कि हम चाहते हैं कि दिल्ली की सड़कें विश्वस्तरीय हों। हम दिल्ली में यूरोप की तर्ज पर 500 किमी. लंबी सड़क के री-डिजाइन पर कर रहे काम हैं। इसी के देखते हुए दिल्ली की 500 किमी. लंबी सड़कों को यूरोपीय देशों के मानदंड पर बना रहे हैं। हम सड़कों के सौंदर्यीकरण कार्य में डेनमार्क के साथ मिलकर काम कर सकते हैं। डेनमार्क के राजदूत फ्रेड्डी स्वेन ने केजरीवाल सरकार की तरफ से दिल्ली में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जमकर सराहना की। खासकर, ईवी पॉलिसी को उन्होंने खूब सराहा। दिल्ली सरकार के ई-ऑटो प्रोजेक्ट की भी बेहद तारीफ की। उन्होंने यह भी बताया कि ई-ऑटो को चलाने का अनुभव भी उन्होंने लिया है, जो बेहद सुखद और रोमांचक था। इस दौरान

● ....शेष भाग पेज 3 पर

## अब सचिवालय और मुख्यमंत्री आवास में मिलेगी मिट्टी के गिलासों में चाय



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को समृद्ध और प्राचीन हस्तकला 'कुम्हारी कला' को राज्य में बढ़ावा देने और आर्थिक रूप से मजबूत कर उन्हें मुख्यधारा में लाने पर जोर दिया है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने खुद मिट्टी के गिलास में चाय पीकर सचिवालय और मुख्यमंत्री आवास में मिट्टी से बने गिलासों में चाय देने की शुरूआत करने को कहा। सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 'कुम्हारी कला' को पुनर्जीवित करने को लेकर बैठक की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश में कुम्हारी कला को प्रोत्साहन देने के लिए काम किया जाए। उन्होंने कहा कि कुम्हारी कला से उतराखण्ड में अनेक परिवार जुड़े हैं। भारत सरकार की 'कुम्हार सशक्तिकरण योजना' का उद्देश्य कुम्हारी कला को पुनर्जीवित करना एवं समाज के सबसे कमजोर वर्गों में से एक कुम्हार समुदाय को सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त कर विकास की मुख्यधारा में लाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन माह में कुम्हारी कला की अगली बैठक आयोजित की जाएगी। कुम्हारी कला को बढ़ावा देने के लिए राज्य में किए गए कार्यों की समीक्षा की जाएगी। उन्नत किस्म के उपलब्ध कराई जाए मिट्टीः मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को

● ....शेष भाग पेज 3 पर

## जुमे की नमाज के बाद जामा मस्जिद के बाहर हुए प्रदर्शन से शाही इमाम बुखारी ने खुद को किया अलग

**– भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा और नवीन जिंदल की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हुआ प्रदर्शन**




**नई दिल्ली।** दिल्ली की ऐतिहासिक जामा मस्जिद के शाही इमाम सैयद अहमद बुखारी ने आज जुमे की नमाज के फौरन बाद जामा मस्जिद के बाहर भारतीय जनता पार्टी की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा और नवीन जिंदल के जरिए पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में किए गए प्रदर्शन से खुद को अलग कर लिया है। शाही इमाम का कहना है कि उन्होंने इस प्रदर्शन के लिए किसी तरह की कोई कॉल नहीं दी थी और ना ही इस प्रदर्शन के बारे में उन्हें किसी भी तरह की कोई जानकारी थी। जामा मस्जिद के बाहर जुमे की नमाज के बाद काफी तादाद में मुसलमानों ने हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर नूपुर शर्मा और नवीन जिंदल को गिरफ्तार किए जाने और उन्हें सजा दिए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया है। यह प्रदर्शन किस संगठन या फिर किस व्यक्ति की कॉल पर किया गया है, किसी को इसकी कोई जानकारी नहीं है। पुलिस को भी इस प्रदर्शन के बारे में पहले से किसी भी तरह की कोई सूचना नहीं दी गई थी लेकिन ऐहतियात के तौर पर जामा मस्जिद के आसपास पहले से ही पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। सोशल मीडिया पर कल से ही जुमा की नमाज के बाद मस्जिदों के बाहर धरना-प्रदर्शन किए जाने की अपील वायरल हो रही थी। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी के नाम से भी इसी तरह की अपील सोशल मीडिया पर वायरल की गई थी जिसे बाद में जमीयत की तरफ से इसे फर्जी बताते हुए मुसलमानों से इस तरह की किसी भी अफवाह पर ध्यान नहीं दिए जाने की अपील की गई थी। इसी तरह रजा एकेडमी मुंबई की तरफ से भी देशभर के मुसलमानों से जुमा की नमाज के बाद मस्जिदों के बाहर धरना-प्रदर्शन

● ....शेष भाग पेज 3 पर

## विहिप की बैठक में ज्ञानवापी और कश्मीर टारगेट किलिंग पर होगी चर्चा

**हरिद्वार, (हि.स.)।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) की केंद्रीय मार्ग दर्शक मंडल की 11 और 12 जून को हरिद्वार के निष्काम सेवाश्रम में बैठक होगी। वर्ष 1964 में विहिप की स्थापना के बाद से साल में दो बार होने वाली यह बैठक इस बार महत्वपूर्ण मानी जा रही है। विहिप की शनिवार से होने वाली बैठक में देशभर के दिग्गज साधु-संत, ज्ञानवापी, कश्मीरी पंडितों की टारगेट किलिंग, हिंदुओं को एक करने जैसे मामलों पर आगे की रणनीति तय करेंगे। इस बैठक के दो सत्र होंगे। पहला सत्र 11 जून को दोपहर 3 बजे जबकि दूसरा सत्र 12 जून को सुबह 9 बजे से शुरू होगा। इसके लिए देशभर के संतों को आमंत्रित किया गया है। विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंपत राय ने बताया कि हर वर्ष विहिप की बैठक अलग-अलग स्थानों पर होती रही है। इस बार की बैठक हरिद्वार के निष्काम धाम में 11 जून से आयोजित होगी। इसमें विभिन्न राज्यों से साधु संत पधारेंगे। वे सभी अपने-अपने क्षेत्र में चल रही समस्याओं को वरिष्ठ संतों की एक टोली के समक्ष रखेंगे। उसमें चयन किया जाएगा कि किन-किन समस्याओं पर चर्चा करनी है। उल्लेखनीय है कि विहिप के वरिष्ठ नेता हरिद्वार में डेरा डाले हुए हैं। बैठक की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

हरिद्वार में मौजूद सभी संतों से मुलाकात की जा रही है। उन्हें बैठक के लिए बुलाया जा रहा है। संत भी इस बैठक के लिए खासे गंभीर हैं। ऐसे में बैठक से कई बड़े प्रस्ताव निकलने की संभावना है।

# सम्पादकीय

## मोदी के 8, बाकी के 60 साल

लोकतंत्र का मनोरथ आम लोगों की भलाई होता है। हमारे देश में लोकतंत्र तो स्थापित हुआ किन्तु शिक्षा, स्वास्थ्य, भोजन, सामाजिक न्याय, सड़क जैसे सामाजिक सरोकार से जुड़े जन-कल्याणकारी मुद्दे सरकार की प्राथमिकताओं में वर्ष 2014 में शामिल किए गए। 26 मई 2014 का दिन देश के भविष्य का ऐतिहासिक और प्रभावकारी दिन बन गया, जब देश का नेतृत्व जमीन से जुड़े उस महान नेता को मिला, जिनकी हर साँस में भारत माता की बेहतरी की अनगिनत कोशिशें और कार्यों में देश के प्रति असीम प्रतिबद्धता रही है। दरअसल जन-कल्याण की सबसे आवश्यक मांग होती है, ऐसा सकारात्मक और दूरदर्शी नेतृत्व जिनमें आम जनता के सर्वांगीण विकास करने की जिजीविषा और कार्ययोजना हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समूचे देश को एक सूत्र में बांध कर "एक भारत-सम्पूर्ण भारत" के सपने को साकार कर दिया है। आजाद भारत में विकास के सपने तो कई सरकारों ने दिखाए, लेकिन उनके प्रशस्त होने का सिलसिला शुरू हुआ वर्ष 2014 से। विकास का अर्थ हमेशा सकारात्मक बदलाव से होता है और यह बदलाव अब नजर आ रहा है लोगों के मनोभावों में, युवाओं के सपनों में, बुजुर्गों के विश्वास में, मातृ-शक्ति के सशक्तिकरण में, उद्यमिता में और सरहदों की रक्षा करने वाले हमारे जांबाज जवानों में। वर्ष 1962 में चीन से युद्ध में हमारे जवानों के पास न तो उपयुक्त हथियार थे और न ही पूर्वोत्तर की जटिल परिस्थितियों तक पहुँचने के मार्ग। नतीजा हमारे जवानों को रसद तक न मिल पाई। आज का भारत बदल गया है। कश्मीर से धारा 370 खत्म कर उस घाव को भर दिया गया है, जिससे भारत का हर नागरिक बेचैन रहता था। मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक के उस दंश से मुक्ति मिल गई है, जिससे कई माता-बहनों की जिंदगी तबाह हो जाती थी। देश की सुरक्षा प्रधानमंत्री मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है और सेना का "वन रैंक-वन पेंशन" का सपना साकार कर दिया गया है। चीन से सीमा विवाद के चलते और पूर्वोत्तर की सुरक्षा चुनौतियों से जूझते भारत ने अब अपनी सामरिक स्थिति को मजबूत कर लिया है। पूर्वोत्तर के प्रवेश द्वार असम और अरुणाचल प्रदेश के बीच अब बोगीबिल पुल के बनने से सेना देश के किसी भी हिस्से से बहुत कम समय में चीन से लगती सीमा पर पहुँच जाएगी। सेना की लामबंदी और फॉरवर्ड क्षेत्र में रक्षा आपूर्ति का काम आसान हो जाएगा। इस प्रकार चीन पर अब भारत को सामरिक बढ़त हासिल हो गई है। विकास का अर्थ है कि सामाजिक व्यवस्था, सामाजिक संरचना, संस्थाओं और सेवाओं की बढ़ती क्षमता जो संसाधनों का उपयोग इस प्रकार से कर सकें, जिससे जीवन स्तर में अनुकूल परिवर्तन आए। देश में कच्ची सड़कों को पक्की सड़कों में बदल दिया गया है। देश की बड़ी आबादी के पास रहने के लिए घर नहीं थे, आजादी के बाद अब जाकर उन्हें पक्का घर नसीब हुआ है। एक दौर था जब भारत में होने वाली कन्या भ्रूण हत्या को लेकर वैश्विक बदनामी होती थी। अब मोदी के "बेटी बचाओ-बेटी-पढ़ाओ" अभियान को वैश्विक स्तर पर सराहा जा रहा है। उज्ज्वला योजना परिवर्तनकारी साबित हुई है और बहु-बेटियों के लिए वरदान बन गई है। इसी प्रकार बैंक में खाता खुलवाना और एटीएम रखना अमीरों तक सीमित था। आजादी के 6 दशक बाद भी भारत में बड़ी संख्या में ऐसी आबादी थी, जिन्हें बैंकिंग सेवाएँ हासिल नहीं थी। इसका मतलब है कि उनके पास न तो बचत का कोई जरिया था, न ही संस्थागत कर्ज पाने का कोई अवसर। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बुनियादी समस्या का समाधान करने के लिए जन-धन योजना की शुरूआत की। इस योजना ने लाखों भारतीयों के जीवन और भविष्य को पूरी तरह से बदल दिया है। अब देश की अधिकांश आबादी के पास उनका बैंक अकाउंट है और इससे सरकार की सीधी मदद उनके बैंक अकाउंट तक पहुँचती है। देश की आबादी की तकरीबन 68 फीसदी जनसंख्या गाँवों में रहती है। गाँवों को विकास से जोड़ कर ही देश का चहुँमुखी विकास हो सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों और ग्रामीणजन के जीवन में बदलाव की एक स्वर्णिम योजना की शुरूआत की। प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना से भारत के ग्रामीण समाज का विकास और प्रगति से सीधे जुडने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इससे किसानों और ग्रामीणों की भूमि को लेकर जो नया विजन सामने लाया गया है, वह विकास के नित नए आयाम स्थापित कर रहा है। देश के अन्नदाता किसानों का आत्मबल मजबूत करने और खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए भी विशेष प्रयास हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विशेष पहल से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि बनाई गई, जिसमें लघु एवं सीमान्त किसानों को एक साल में तीन किश्तों में 6 हजार रुपए दिये जा रहे हैं।

## बच्चों की मौत को रोकने के हो सार्थक प्रयास



लेखक- रमेश सर्राफ धमोरा /ईएमएस



कहते हैं कि बच्चे देश का भविष्य होते हैं। बच्चे ही बड़े होकर देश के विकास को आगे बढ़ाते हैं। कम उम्र में ही बच्चों की प्रतिभा का पता चल जाता है कि आगे चलकर यह विशिष्ट प्रतिभाशाली व्यक्ति बनेगा। मगर दुनिया में बहुत से बच्चे ऐसे होते हैं जो अपने जन्म से पांच साल की उम्र तक पहुंचते-पहुंचते ही विभिन्न बीमारियों से ग्रसित होकर मर जाते हैं। इस तरह मरने वाले बच्चों की संख्या बहुत अधिक है। भारत में भी हर दिन पांच साल से कम उम्र के बच्चे बड़ी संख्या में मौत के मुंह में चले जाते हैं। आज के वैज्ञानिक युग में बच्चों की इस तरह से मौत होना बहुत ही दुखदाई तो है ही साथ ही दुनिया के सामने एक यक्ष प्रश्न भी है कि नवजात बच्चों की इस तरह से होने वाली मौत को क्यों नहीं रोका जा सकता है। हालांकि पिछली सदी के मुकाबले बच्चों की मौत को काफी हद तक नियंत्रित किया गया है। मगर आज भी बड़ी संख्या में बच्चों की मौत सभी को दुखी कर रही है।

कोरोना जैसी वैश्विक महामारी का भी मुकाबला दुनिया ने बड़ी हिम्मत के साथ किया था। भारत सहित दुनिया के कई देशो के वैज्ञानिकों ने मात्र आठ महीनों में ही कोरोना से बचाव की दवा बना कर काफी हद तक कोरोना महामारी पर नियंत्रण पा लिया। ऐसे में सवाल उठता है कि जब कोरोना जैसी महामारी को नियंत्रित किया जा सकता है तो फिर बच्चों की होने वाली मौत को क्यों नहीं रोका जा सकता है। निमोनिया पांच साल से कम उम्र के बच्चों में मौत का बड़ा कारण है। इसके उपचार में देरी बच्चे की जान के लिए मुश्किल खड़ी कर सकती है। उचित देखभाल और प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों की कमी के चलते नवजात शिशुओं की मौत पर नियंत्रण लगाना कितना मुश्किल है। इसका पता सेव दि चिल्ड्रन संस्था द्वारा जारी की गई रिपोर्ट से चलता है। रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में हर साल दस लाख से अधिक बच्चे एक दिन से ज्यादा जीवित नहीं रह पाते। रिपोर्ट ने प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों और जन्म से जुड़ी जटिलताओं को इन मौतों की सर्वाधिक प्रमुख वजह माना है। जन्म के समय उचित देखभाल और प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्मिकाओं की जरूरत को तमाम स्वास्थ्य और सामाजिक कार्यकर्ता रेखांकित करते रहे हैं। इस बात को रिपोर्ट में भी स्वीकार किया गया है कि अगर जन्म के समय प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मी मौजूद हों तो लगभग आधी मौतों को टाला जा सकता है। स्वास्थ्य सेवाओं के जानकार मानते हैं कि अधिकांशतः गरीब देशों में जहां स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पातीं। वहां शिशुओं के लंबे समय तक जीवित रहने की संभावना भी बहुत कम होती है। खुद भारत की स्थिति भी इस मामले में बहुत अच्छी नहीं है। स्वास्थ्य किसी भी देश के लिए सबसे बड़ी प्राथमिकता वाला क्षेत्र होता है। किसी भी समाज की खुशहाली का अनुमान उसके बच्चों को देखकर लगाया जा सकता है। लेकिन जिस समाज में हर साल लाखों बच्चे इस दुनिया में अपना एक दिन भी पूरा नहीं कर पाते वह कैसा समाज होगा इसे बताने की जरूरत नहीं। जब देश में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं की कोई कमी नहीं है। तब ऐसा होना शर्मनाक ही नहीं बल्कि एक घृणित अपराध है। भारत में हर साल 5 साल से कम उम्र के करीब 10 लाख बच्चे कुपोषण के कारण मर जाते हैं। इतना ही नहीं कुपोषण के मामले में भारत दक्षिण एशिया का अग्रणी देश बन गया है। जहां कुपोषण के मामले सबसे अधिक पाए जाते हैं। सामाजिक कार्यकताओं का कहना है कि कुपोषण को चिकित्सकीय आपातकाल करार दिया जाए। उनका कहना है कि ये आंकड़े चैंकाने वाले हैं और अति कुपोषण के लिए आपातकालीन सीमा से ऊपर है। कुपोषण की समस्या को हल करने के लिए पॉलिसी बनाने एवं इसके क्रियान्वयन के लिए पर्याप्त बजट की आवश्यकता है। यूनिसेफ ने द स्टेट ऑफ द वर्ल्ड्स चिल्ड्रन 2019 नाम की अपनी रिपोर्ट में बताया कि भारत में पांच वर्ष से कम आयु के हर पांचवें बच्चे में विटामिन ए की कमी है। हर तीसरे बच्चे में से एक को विटामिन बी की कमी है और हर पांच में से दो बच्चे खून की कमी से ग्रस्त हैं। भारत में पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में 69 प्रतिशत मौतों का कारण कुपोषण है। इस आयु वर्ग में हर दूसरा बच्चा किसी न किसी रूप में कुपोषण से प्रभावित है।

रिपोर्ट में कहा गया है कुपोषण के शिकार बच्चों की संख्या भारत में दक्षिणी एशिया के देशों से बहुत ही ज्यादा है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे की रिपोर्ट के अनुसार 40 प्रतिशत बच्चे ग्रोथ की समस्या के शिकार हैं। 60 फीसदी बच्चे कम वजन का शिकार हैं। यह स्थिति चिंताजनक है और युद्ध के पैमाने पर इस समस्या के समाधान के लिए रणनीति बनाया जाना जरूरी है। सूडान और कई दक्षिणवर्ती अफ्रीकी देशों के 51 प्रतिशत मामलों में किसी प्रशिक्षितकर्मी के मौजूद न होने की बात सामने आई है। इन इलाकों में एक करोड़ की आबादी पर सिर्फ तीन सौ स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहतें हैं। हर साल चार करोड़ महिलाएं किसी प्रशिक्षित कर्मचारी की मदद के बिना बच्चों को जन्म देती हैं। इथोपिया में सिर्फ दस फीसदी जन्म प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मचारी की मदद से होते हैं वहीं ग्रामीण अफगानिस्तान के कुछ इलाकों में तो दस हजार लोगों पर सिर्फ एक स्वास्थ्य कार्मिका होती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैसे तो लोगों की सेहत के लिए काफी इंतजाम किए गए हैं और मानवाधिकारों की स्थिति में भी सुधार हुआ है। लेकिन अब भी बहुत से इलाकों और समुदायों में बहुत गहरी असमानता बनी हुई है। इनमें से भी करीब एक चौथाई यानी 25 फीसद मौतें सिर्फ भारत में होती हैं। भारत ने पिछले पांच दशकों में भले ही चिकित्सा क्षेत्र में प्रगति करते हुए शिशु मृत्यु दर पर काबू पाया है। लेकिन आज भी शिशुओं की मौत बड़ा सवाल है। वर्तमान में प्रत्येक एक हजार शिशुओं में से 28 की मौत एक साल का होने से पहले ही हो जाती है। भारत के महापंजीयक द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार साल 1971 में भारत की शिशु मृत्यु दर 129 थी। जो साल 2020 में बड़े सुधार के साथ 28 पर आ गई है। पिछले 10 सालों में तो इस में 36 प्रतिशत का सुधार देखने को मिला है। साल 2011 में देश की शिशु मृत्यु दर 44 थी जो अब 28 पर आ गई है। ऐसे में कहा जा सकता है कि देश ने चिकित्सा क्षेत्र में बहुत अधिक उन्नति की है।

आंकड़ों के अनुसार पिछले एक दशक में ग्रामीण क्षेत्र की शिशु मृत्यु दर में सबसे अधिक सुधार हुआ है। 2011 में ग्रामीण क्षेत्र में 48 पर रहने वाली शिशु मृत्यु दर साल 2020 में 31 पर आ गई थी। इसी तरह शहरी क्षेत्रों में 2011 में यह 29 पर पर रहने वाली शिशु मृत्यु दर 2020 में 19 पर आ गई थी। पिछले एक दशक में ग्रामीण क्षेत्रों की शिशु मृत्यु दर में 35 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 34 प्रतिशत की गिरावट आई है। यह देश के लिए बड़ी उपलब्धि है। देश के सकल घरेलू उत्पाद का 3.01 प्रतिशत स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च किया जाता है। जो काफी कम है इसे बढ़ाने की जरूरत है। देश में स्वास्थ्य सेवाओं को दूरस्थ गांव-देहात तक पहुंचाना होगा। देश के हर नागरिक को समय पर पर्याप्त चिकित्सा सुविधा मिलना सुनिश्चित हो। तभी भारत में नवजात शिशुओं की मौत पर रोक लगायी जा सकती है।

## आज का कार्टून।




## कोरोना का डर



लेखक-सिद्धार्थ शंकर /ईएमएस



देश में कोरोना का डर फिर सताने लगा है। सबसे ज्यादा केस महाराष्ट्र और केरल से आ रहे हैं। महाराष्ट्र में 24 घंटे में 2701 नए केस मिले हैं, जो 17 फरवरी के बाद सबसे ज्यादा है। 17 फरवरी को 2,797 संक्रमित मिले थे। वहीं, मंगलवार (7 जून) को यहां 1821 मरीज पॉजिटिव पाए गए थे। इस तरह बुधवार को राज्य में 44 फीसदी मामले बढ़ गए। अकेले मुंबई में 1765 संक्रमित पाए गए, जो इस साल जनवरी के बाद सबसे ज्यादा है। पूरे महाराष्ट्र में पॉजिटिविटी रेट 6.48 फीसदी है। आईआईटी कानपुर ने जून में चौथी लहर आने की बात कही थी, जो अब सच साबित हो रही है। पहली से तीसरी लहर तक राज्यों ने कई तरह की पाबंदी लगाई थी, हालात अब वैसे ही बन रहे हैं कि संक्रमण की रफ्तार थामने पाबंदी लगाई जाए। महामारी से जंग के लिए राज्य जो भी उपाय करें, उनमें इस बात का ध्यान सबसे पहले रखा जाए कि लोगों की रोजी-रोटी पर असर न पड़े। इसके लिए शहरों-कस्बों में ऐसे बंदोबस्त करने होंगे जिससे बाजारों में भीड़ न बढ़े, अस्पतालों को तैयार रखा जाए, दवाइयों और ऑक्सीजन का पूरा बंदोबस्त हो, टीकाकरण कार्यक्रम तेजी से चले। गौरतलब है कि पहली लहर के दौरान देश को महामारी से बचाने के लिए लॉकडाउन जैसा कठोर कदम उठाना पड़ा था। तब हालात विकट थे और सारी कमान केंद्र के हाथ में थी। राज्य सरकारें केंद्र के निदेर्शों को मानते हुए ही कोरोना से निपटने में लगी थीं। दूसरी लहर में भी कमोबेश हालात ऐसे ही थे। लेकिन अब चौथी लहर की आशंका के बीच स्थितियां अलग हैं। राज्यों को महामारी से निपटने का अनुभव हो चुका है। सभी राज्य अपने यहां एक ऐसा तंत्र तो खड़ा कर ही चुके हैं जो महामारी जैसे हालात का सामना कर पाने सक्षम हो। अच्छी बात यह है कि भारत में आबादी के बड़े हिस्से को टीके की एक खुराक लग चुकी है। दोनों खुराक वालों का आंकड़ा भी साठ करोड़ से ऊपर निकल गया है। बच्चों से लेकर बड़ों-बुजुर्गों तक को टीके लग रहे हैं। हालांकि समय-समय पर आने वाली ऐसी खबरें भी चिंता पैदा करती हैं कि कुछ राज्यों में टीकाकरण की रफ्तार संतोषजनक नहीं है। इसलिए राज्यों को अब सबसे ज्यादा जोर टीकाकरण पर देना चाहिए। इसके अलावा संक्रमितों की जांच का काम भी नहीं हो रहा। टीकाकरण और जांच के काम स्थानीय स्तर पर अभियान के रूप में चलाना होगा। पर सबसे जरूरी है कि महामारी से निपटने में राज्यों और केंद्र के बीच भी तालमेल बेहतर बने, जिसका कि समय-समय पर अभाव दिखता रहा है। वरना हम इस जंग को जीत नहीं पाएंगे। दिल्ली, मुंबई सहित अन्य छोटे-बड़े शहरों में भी बड़ी समस्या यही है कि सड़कों पर होने वाली भीड़ की समस्या से निपटा कैसे जाए। हालांकि लाखों लोगों के सामने बड़ी मजबूरी रोजाना कमाने-खाने की होती है। इसलिए काम पर जाना विवशता है। ऐसे लोगों की संख्या भी लाखों में है जो छोटे उद्योगों, फैक्ट्रियों में काम करते हैं। उनकी रोजी-रोटी एक दम से बंद नहीं करनी होगी। कोरोना की चौथी लहर सामने है। पहली से तीसरी लहर तक हमने जिस तरह की गंभीरता दिखाई, वही अब फिर दिखाने का समय आ गया है। सुरक्षित दूरी और मास्क के साथ टीके की दोनों खुराक ही कोरोना को पस्त करने का बड़ा हथियार है।

## जीवन का बड़ा सबक

पं. रामनाथ एक छोटी-सी जगह गुरुकुल में छात्रों को पढ़ाते थे। कृष्णनगर के राजा शिवचंद्र को यह पता लगा तो उन्हें बहुत दुख हुआ कि ऐसा महान विद्वान भी गरीबी में रह रहा है। एक दिन वह स्वयं पंडितजी से मिलने उनकी कुटिया में जा पहुंचे और बोले-'पंडित जी, मैं आपकी कुछ सहायता करना चाहता हूं।' पं. रामनाथ ने कहा-'राजन, भगवान की कृपा ने मेरे सारे अभाव मिटा दिए हैं। मुझे अब कोई आवश्यकता नहीं रही।' राजा बोले-'मैं घर खर्च के बारे में पूछ रहा हूं। हो सकता है उसमें कुछ परेशानी होती हो।' उन्हें जवाब मिला-'इस बारे में तो गृहस्वामिनी अधिक जानती हैं। आप उन्हीं से पूछ लें।' यह सुनकर राजा गृहिणी के पास जा पहुंचे-'माता, आपके घर के खर्च के लिए कोई कमी तो नहीं?' गृहिणी का जवाब था- 'भला सर्व-समर्थ परमेश्वर के रहते उनके भक्तिं को क्या कमी रह सकती है। पहनने को कपड़े हैं। सोने को बिछौना है। पानी रखने के लिए मिट्टी का घड़ा है। भोजन की खातिर विद्यार्थी सीधा ले आते हैं। बाहर खड़ी चौलाई का साग हो जाता है। इससे अधिक की जरूरत भी क्या है?' राजा श्रद्धावनत हो गए, फिर भी बोले-'हम चाहते हैं कि आपको कुछ गांवों की जागीर प्रदान करें। इससे आपको भी अभाव नहीं रहेगा और गुरुकुल भी ठीक से चलता रहेगा।' राजा की यह बात सुनकर वृद्ध गृहिणी मुस्कराई-'देखिए राजन, इस संसार में परमात्मा ने हर मनुष्य को जीवन रूपी जागीर पहले से दे रखी है। जो इसे अच्छी तरह से संभालना सीख लेता है, उसे फिर किसी चीज का अभाव नहीं रह जाता।' यह सुनकर राजा शिवचंद्र का मस्तक झुक गया। आज उन्हें एक बड़ा सबक मिल गया था।

### प्रसंगतः समझदार न्यायाधीश

पेशवा माधवराव के शासन में लोगों से बेगार लेकर सरकारी कार्य करवाए जाते थे, जिन्हें श्रमदान कहा जाता था। लोगों से प्रायः जबरदस्ती काम करवाए जाते थे। राम शास्त्री उस समय प्रधान न्यायाधीश थे। एक दिन वह कहीं जा रहे थे। रास्ते में उन्होंने देखा कि एक सिपाही किसी नौजवान किसान को पीट रहा था। उसकी मां रो-रोकर उसे छोड़ देने की प्रार्थना कर रही थी। वह किसान अपनी मां का इकलौता बेटा था और अपने खेत का काम कर रहा था। यदि वह बेगार निपटाने जाता तो उसके खेत का काम अधूरा रह जाता। यह दृश्य देखकर राम शास्त्री सिपाही के पास गए और नवयुवक को छोड़ देने को कहा। सिपाही ने प्रधान न्यायाधीश की बात नहीं मानी बल्कि उन्हें सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में पेशवा के सम्मुख पेश कर दिया। उन्हें देखकर पेशवा माधवराव बहुत क्रोधित हुए और उन्होंने कहा कि प्रधान न्यायाधीश भी सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में दंड का हकदार है। यह सुनकर राम शास्त्री बेहद विनम्र स्वर में पेशवा से बोले, 'सरकार, आप मुझे जो भी दंड देंगे वह स्वीकार है। मगर इन दिनों खेतों में काम बहुत है। अगर ये मजदूर अपना काम छोड़कर आपकी सेवा में आते हैं तो इनके खेत बेकार पड़े रहेंगे। इससे इनका तो नुकसान होगा ही, साथ ही राज्य को भी हानि होगी। इनसे उस समय काम लेना चाहिए जब इनके पास खेतों का कोई विशेष कार्य न हो।' फिर वह पकड़े गए किसानों की ओर देखकर बोले, 'बोलो, तुम क्या चाहते हो?' इस पर सभी किसान एक स्वर में बोले, 'यही, जो आपने कहा। हमें अपने राजा के लिए काम करने से इनकार नहीं है पर समय उचित होना चाहिए।' किसानों की बात सुनकर पेशवा को अपना निर्णय बदलना पड़ा। उन्होंने सबको सकुशल घर लौट जाने की आज्ञा दे दी। साथ ही बेगार की प्रथा को भी समाप्त कर दिया। इसके लिए किसानों ने राम शास्त्री के प्रति आभार प्रकट किया।

## शाकाहारी समाज को मांसाहारी बनाने षडयंत्र



लेखक- विजय कुमार जैन ( ईएमएस)

पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव से युवा पीढ़ी संस्कार विहीन होती जा रही है वर्तमान में देखने में आया है युवा पीढ़ी को मांसाहारी बनाने सुनियोजित षड्यंत्र चल रहा है। विवाह समारोह, वैवाहिक वर्षगांठ, अन्य समारोह पर आयोजित सहभोजों में पाश्चात्य सभ्यता को दिखाने हेतु आजकल कुछ ऐसे नामों का उपयोग व्यंजनों में स्टालों में करते हैं जो नाम मांसाहारी होते हैं। हमारा शाकाहारी समाज को सह भोज के अवसर पर व्यंजनों के जो स्टाल लगाए जाना है उनकी सूची हलवाई द्वारा दी जाती है उसमें सभी व्यंजन शाकाहारी होते हैं, मगर उनके नाम मांसाहारी व्यंजनों के होते हैं। हम यह ध्यान नहीं रखते की इन व्यंजनों के नाम शाकाहारी है। यह षड्यंत्र सुनियोजित तरीके से शाकाहारी समाज को मांसाहारी बनाने चल रहा है। धन वैभव की चकाचौंध में हम यह ध्यान नहीं रख रहे कि इस सुनियोजित संयंत्र से शाकाहारी समाज की युवा पीढ़ी मांसाहार की ओर बढ़ेगी। मांगलिक आयोजनों के सहभोज में व्यंजनों के जो स्टाल लगते हैं उनके नाम हॉट डॉग, हरा भरा कबाब, पनीर टिक्का कबाब, वेज बिरियानी, हैदराबादी बिरयानी, फिंगर चिप्स, कोफ्ता मुगलई, कोफ्ता अकबरी, काठी कबाब, छेना मुर्गी, हरियाली कबाब, कस्तूरी कबाब, हनी चिल्ली पोटैटो आदि रखे जा रहे हैं। जैन समाज की समाजसेवी संस्था जैन सोशल ग्रुप अरिहंत जयपुर राजस्थान का ध्यान इस षड्यंत्र की ओर गया। संस्था ने अपील जारी की है जिसमें शाकाहारी समाज से अनुरोध किया है की मांगलिक आयोजनों के अवसर पर आयोजित सहभोज में व्यंजनों के नाम मांसाहारी व्यंजनों के नाम से मिलते जुलते न रखें। केटरर अथवा हलबाई को हम जब सहभोज के शाकाहारी व्यंजन बनाने एवं स्टाल लगाने का ठेका दें उस समय शाकाहारी व्यंजनों जो बनना हैं उनकी सूची का गंभीरता से अवलोकन करें, सूची अगर किसी व्यंजन का नाम मांसाहारी व्यंजन से मिलता जुलता है तो उस नाम की प्लेट स्टाल पर नहीं लगाने की हिदायत दें। फिर भी केटरर किसी ऐसे व्यंजन की नेम प्लेट स्टाल पर लगा देता है तो उसे तत्काल हटवाये। जैन सोशल ग्रुप संस्था ने अपील की है हम अभी सचेत नहीं हुए तो आने वाली पीढ़ी मांसाहारी बन जाएगी। आज हम शाकाहारी व्यंजनों को मांसाहारी नाम से खायेंगे तो कल आने वाले समय में हमारे बच्चे निश्चित ही मांसाहारी बन जाएंगे। संस्था ने सारे देश की शाकाहारी समाज से अपील की है इस षड्यंत्र को रोकने तत्काल कदम उठाएं। ईसाई मिशनरियों द्वारा संचालित कॉन्वेंट स्कूलों में हमारे बच्चे पढ़ते हैं स्कूलों में कक्षा नर्सरी एवं केजी में पढ़ने वाले छोटे-छोटे बच्चे अपने सहपाठी मित्र जो मांसाहारी होता है वह अपने लंच बॉक्स में मांसाहारी व्यंजन लेकर आता है, अपने लंच बॉक्स से मांसाहारी व्यंजन हमारे बच्चे को खिला देता है हमारा बच्चा घर आकर अपनी मां से कहता है मम्मी आज मेरे मित्र ने मुझे अंडा खिलाया या अंडा करी खिलाई।जब मां नन्हे बेटे की यह बात सुनती है तो उसे डाटती है कहती है हमें मित्र के यह व्यंजन नहीं खाना चाहिए यह व्यंजन मांसाहारी हैं हम शाकाहारी हैं। छोटा अबोध बालक अपनी मां से पूछता है मम्मी हमें अंडा क्यों नहीं खाना चाहिए, इस प्रकार सुनियोजित षड्यंत्र से शाकाहारी समाज को मांसाहारी बनाया जा रहा है। एक ओर जहां भारत में मांसाहार का अनेक तरह से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। वहीं विश्व में शाकाहार का व्यापक प्रचार प्रसार अभियान चल रहा है। नवंबर माह विश्व शाकाहार माह के रूप में विभिन्न शाकाहारी आयोजनों के साथ मनाया जाता है। इसका उद्देश्य आम जनों तक शाकाहार समर्थक जानकारी पहुंचाना है। इस अवसर पर दुनिया में कार्यरत वेजीटेरियन बेगान सोसायटियां विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जनता से संपर्क करती हैं। मांसाहार वहुलता वाले क्षेत्रों में शाकाहार के लाभों को बताया जाता है।शाकाहारी भोजन बनाने की विभिन्न विधियां सिखाई जाती हैं। शाकाहारी प्रवृत्ति के विकास के लिए कई अन्य दिवस भी मनाये जाती हैं। 1 नवंबर को शाकाहार दिवस मनाया जाता है। इसके अतिरिक्त फार्म एनिमल राइट्स आंदोलन में प्रतिवर्ष 20 मार्च को मीट आउट डे मनाया जाता है अमेरिका में मीटलेस संडे का प्रचलन हुआ है।

अर्थात रविवार को केवल शाकाहारी भोजन। भारत तो मुख्य शाकाहारी राष्ट्र है ही, मगर दुनिया की अन्य देशों में भी उनके मनीषियों ने शाकाहार का समर्थन किया है। शाकाहार के समर्थक विचारक विश्व की लगभग सभी सभ्यताओं में मौजूद रहे हैं। वैज्ञानिक शोधों द्वारा यह स्पष्ट हुआ है कि दुनिया में मांसाहार की बढ़ती प्रवृत्ति से प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है। मांसाहार में सांप, चमगादड़ अधिक खाने से चीन में कोरोना वायरस के भीषण प्रकोप से दुनिया में हाहाकार मच गया था। आज के मानव को यह विवेक भी नहीं रहा है कि हमें भोजन एवं स्वल्पाहार में किन पदार्थों का सेवन करना चाहिए। मांसाहार में जहरीले जीव जंतु बिना डर भय के खाने से कोरोना वायरस के प्रकोप से सारी दुनिया को हिला दिया था। यह तो स्थिति मांसाहार के सेवन से शरीर पर दुष्प्रभाव की बनी है। हमने मांसाहार से प्राकृतिक संतुलन बिगड़ने का गहराई से अध्ययन करने का प्रयास किया है। वैज्ञानिकों ने दुनिया के सामने तथ्य प्रस्तुत किए हैं।वह लगभग 20 वर्ष की रिसर्च के सामने आए हैं। रूस में पिछले दिनों भूस्खलन और प्राकृतिक आपदा पर सम्मेलन आयोजित किया। इस सम्मेलन में दुनिया के वैज्ञानिकों ने उत्साह से भाग लिया इस सम्मेलन में वैज्ञानिकों के विचारों का मंथन करें तो उन दिनों बढ़ती मांसाहार की प्रवृत्ति ही भूकंप और बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं का मुख्य कारण है। आइंस्टीन पेन बेब्स के अनुसार मनुष्य के स्वाद की चाहत विशेष रूप से मांसाहार की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण प्रतिदिन कत्ल किए जाने वाले पक्षियों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। इस सम्मेलन में भारत से पहुंचे भौतिकी के तीन वैज्ञानिकों ने एक शोध पत्र पढ़ा। मदन मोहन बजाज,डॉ इब्राहिम और विजय राज सिंह के अलावा दुनिया भर के 23 से अधिक वैज्ञानिकों द्वारा तैयार किए गए शोध पत्र के आधार पर कहा गया कि भारत, जापान, नेपाल, अमेरिका, जॉर्डन, अफगानिस्तान, अफ्रीका में पिछले दिनों आए 30 बड़े भूकंपों में पेन आइंस्टीन वेव्ज (ई पी डब्ल्यू)या नोरीप्शन वेव्ज बड़ा कारण रही है।

# पूर्व क्रिकेटर युवराज, अभिनेत्री मुनमुन दत्ता व युविका चौधरी का केस स्टेट क्राइम ब्रांच को ट्रांसफर

**-अनुसूचित जाति समुदाय के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने का मामला**
**-हांसी शहर थाना में दर्ज हुआ था तीनों पर एससी एसटी एक्ट के तहत केस**



**हिसार, (हि.स.)।** पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह, अभिनेत्री मुनमुन दत्ता उर्फ बबीता व फिल्म अभिनेत्री युविका चौधरी के खिलाफ हांसी के थाना शहर में एससी एसटी एक्ट के तहत दर्ज मुकदमों की जांच हांसी पुलिस से वापस लेकर स्टेट क्राइम ब्रांच को ट्रांसफर की गई है। दलित अधिकार कार्यकर्ता व अधिवक्ता रजत कल्सन की शिकायत पर ये केस दर्ज हुए थे। शिकायतकर्ता रजत कल्सन ने शुक्रवार को बताया कि वह जांच अधिकारी डीएसपी विनोद शंकर के लघु सचिवालय हांसी स्थित कार्यालय में जांच की ताजा स्थिति पता करने के लिए गए तो वहां पर उन्हें बताया गया कि कल ही सरकारी आदेश आए हैं। इन आदेशों के मुताबिक इन आरोपी सेलेब्रिटीज के खिलाफ जांच उनसे वापस लेकर स्टेट क्राइम ब्रांच हरियाणा को ट्रांसफर कर दी गई है जिसकी जांच स्टेट क्राइम ब्रांच हरियाणा की हिसार शाखा के अधिकारी करेंगे। इस बात की पुष्टि हांसी के डीएसपी व उपरोक्त मुकदमों के जांच अधिकारी विनोद शंकर ने की भी की है। हरियाणा सरकार व हरियाणा पुलिस के इस कदम को गैरकानूनी बताते हुए शिकायतकर्ता रजत कल्सन ने कहा कि हांसी पुलिस उपरोक्त सेलिब्रिटिज के खिलाफ दर्ज मुकदमों की जांच पूरी कर चुकी थी तथा केवल हिसार की एससी एसटी एक्ट के तहत स्थापित विशेष अदालत में चालान फाइल करना बाकी रह गया था। यहां तक कि तीनों सेलिब्रिटिज पुलिस के सामने जांच में शामिल हो चुके थे। हाईकोर्ट के आदेश पर जांच अधिकारी द्वारा तीनो आरोपी सेलेब्रिटिज को औपचारिक रूप से गिरफ्तार करने के बाद अंतरिम जमानत भी दे दी गई थी। इन तीनों आरोपी सेलिब्रिटि से पूछताछ भी लगभग पूरी हो चुकी थी तथा इनके मोबाइल तथा लैपटॉप भी हांसी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिए थे। कल्सन बताया कि मुकदमे की जांच को दिग्भ्रमित करने के लिए तीनों आरोपी सेलिब्रिटि की दरखास्त पर सरकार ने गैर कानूनी कदम उठाते हुए इस जांच को ट्रांसफर किया है तथा हरियाणा सरकार तथा हरियाणा पुलिस पर भारी राजनीतिक दबाव है। अधिवक्ता रजत कल्सन ने आशंका जताई कि साजिश के तहत इन तीनों सिलेब्रिटीज को बचाने के लिए जांच की दिशा को बदल कर मुकदमों को खारिज किया जा सकता है। इस मामले में पैसे तथा राजनीतिक प्रभाव के इस्तेमाल से इनकार नहीं किया जा सकता। वह इस बारे में पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दायर कर हरियाणा पुलिस को निर्देश जारी कराने की मांग करेंगे कि इस मामले में जल्द से जल्द विशेष अदालत में अंतिम रिपोर्ट पेश की जाए तथा तीनों आरोपी सेलिब्रिटिज के खिलाफ मुकदमा शुरू किया जावे।

# नगर परिषद कालका चुनाव को लेकर पुलिस ने किए सुरक्षा के कड़े प्रबंध



**पंचकूला, (हि.स.)।** नगर परिषद कालका चुनाव को शान्तिपूर्ण करवाने के लिए लेकर पुलिस ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए है। चुनाव को लेकर कडी सुरक्षा के मद्देनजर 5 अतिरिक्त नाके लगाए गए है। नजदीकी थानों में हथियार जमा करवानें के आदेश जारी किए गए है। पुलिस उपायुक्त पंचकूला सुरेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि नगर परिषद कालका चुनाव को लेकर कालका-पिंजोर में कडी व्यवस्था की गई है। पुलिस नें कालका-पिंजोर में सुरक्षा को लेकर 05 अतिरिक्त नाकें लगाये गए। 09 स्थाई बार्डर नाकों पर आने जाने वालें सदिंग्ध व्यक्तियो तथा वाहनों पर कडी निगरानी रखी जा रही है। इसके साथ ही कालका-पिन्जोर क्षेत्र निगरानी हेतु 2 टीम स्क्वाड तथा 02 टीम सर्विलांस से क्षेत्र में 24 घण्टे निगरानी की जाएगी। 19 जून को होने वाले नगर परिषद चुनाव के मद्देनजर कालका-पिन्जोर क्षेत्र लाइसेंस धारको से अपने हथियार जमा कराने की अपील की है। उन्होंने कहा कि चुनावों को शांतिपूर्वक, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से लाइसेंस धारकों को अपना असला अविलंब अपने नजदीकी थाना में जमा कराएं। चुनाव के दौरान किसी के पास भी कोई हथियार नहीं होना चाहिए। डीसीपी ने बताया कि जो लोग अपने लाइसेंसी शस्त्र जमा नहीं करेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# ऐलिवेटिड हाईवे बनवाने के होंगे प्रयासः राव इंद्रजीत



**गुरुग्राम, (हि.स.)।** गुरुग्राम के सांसद एवं केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर गुरुग्राम में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को विकास कार्यों की गति बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि कोविड काल के दौरान 2 वर्षों में जो गति धीमी हो गई थी, उसकी भरपाई आने वाले 2 सालों में करने का प्रयास करें। केन्द्रीय मंत्री ने बैठक में गुरुग्राम में मुख्य रूप से सड़क सुरक्षा उपायों, मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर कार्यों की प्रगति के अलावा जिला में जल संरक्षण के उपाय करते हुए भूमिगत जल स्तर में सुधार लाने संबंधी विषयों पर विस्तार से चर्चा की। तीन घंटे से भी अधिक समय तक चली इस बैठक में उन्होंने अधिकारियों से लंबे समय से लटकी परियोजनाओं को लेकर जवाब तलब भी किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जहां उनके दखल देने की आवश्यकता हो, उसके बारे में उन्हें बताएं। लेकिन विकास के काम रुकने नहीं चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने सर्वप्रथम सड़क सुरक्षा की बैठक ली, जिसमें उन्होंने जिलावासियों का सफर सुविधाजनक बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सिविल सोसाइटी के आग्रह पर वे पहली बार सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ले रहे हैं। उन्होंने मुख्य रूप से एमडीआई चौक, शंकर चौक, हीरो होंडा चौक, नरसिंहपुर कट, इफको चौक, बिलासपुर चौक, टोल प्लाजा पर यातायात सुचारू करने आदि विषयों पर चर्चा की। समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा एनएच-48 पर हीरो होंडा चौक से लेकर उमंग भारद्वाज चौक तक की सड़क का निर्माण किया जा रहा है। यह भी बताया गया कि इस मार्ग पर ट्रेफिक जाम की समस्या का स्थाई समाधान हीरो होंडा चौक से लेकर उमंग भारद्वाज चौक तक ऐलिवेटिड हाईवे बनाकर किया जा सकता है। इसके वे केन्द्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर आग्रह करेंगे। नरसिंहपुर के पास हाईवे को क्रॉस करने में आ रही दिक्कतों पर चर्चा के दौरान केन्द्रीय मंत्री ने गुरुग्राम की एसडीएम अंकिता चौधरी और एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे एक बार फिर से संयुक्त रूप से निरीक्षण करके वहां पर पद यात्रियों का आवागमन सुगम बनाने के उपायों के बारे में रिपोर्ट दें। बैठक में उपस्थित पुलिस आयुक्त कला रामंचद्रन ने गुरुग्राम जिला में सड़क सुरक्षा की स्थिति के बारे में केन्द्रीय मंत्री को अवगत करवाया और बताया कि पिछले एक वर्ष में सड़क दुर्घटनाओं में जिला में 150 व्यक्तियों को अपनी जान गंवानी पड़ी है, जोकि हत्या के मामलों से कहीं अधिक है। उन्होंने बताया कि गुरुग्राम शहर से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर जो वाहन जाते हैं, उनकी स्पीड लिमिट रेशनलाइज करने की जरूरत है। इसके लिए आईआईटी मद्रास के विशेषज्ञों की सहायता ली जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि गलत दिशा में वाहन चलाने वालों के प्रतिदिन लगभग 200 चालान हो रहे हैं।

# यूपी की तर्ज पर अब हरियाणा में भी नशे के कारोबार से कमाई गई सम्पति होगी कुर्क

**-पुलिस ने की बड़ी कारवाई, नशा तस्करों की अवैध तरीके से खरीदी गई लाखों रुपए की सम्पति को किया कुर्क**
**-नशा तस्कर ने अपनी बेटी के लिए प्लांट तो बेटे के लिए खरीदी कमर्शियल दुकानें**

**रोहतक, (हि.स.)।** अब प्रदेश में यूपी की तर्ज पर नशे के कारोबार से अर्जित की गई सम्पतियों को कुर्क किया जाएगा। रोहतक पुलिस ने ऐसे ही एक मामले में नशा तस्करों की 50 लाख रुपए से अधिक अवैध सम्पति को कुर्क किया है। इसके अलावा पुलिस अब नशे का कारोबार करने वालो की कुंडली खंगालने में लगी है। दसअसल 2020 में अपराध जांच शाखा वन की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर खरावड़ बाईपास के पास कार सवार सन्नी निवासी गोयला कलां झज्जर व धीरज निवासी शामलो कलां जीन्द हाल सैक्टर सात बहादुरगढ को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोपियों के पास से 41 किलो गांजा बरामद किया था। प्रांरभिक जांच में सामने आया कि आरोपियो ने गांजा को ललिता निवासी इंदिरा कालोनी से खरीदा था। नशीले पदार्थो की तस्करी करने मे संलिप्त आरोपी महिला ललिता को पुलिस ने गिरफ्तार किया। ललिता से पूछताछ करने पर सामने आया कि उसने गांजा को अपने पिता धर्मबीर से खरीदा था। पुलिस ने धर्मबीर को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपी धर्मबीर के खिलाफ छह, धर्मबीर की पत्नी सरोज के खिलाफ एक, धर्मबीर के बेटे रोबिन व बेटी ललिता के खिलाफ एक-एक मामला दर्ज है। इसके अलावा ललिता के पति के खिलाफ भी रोहतक शहर में एनडीपीएस के तहत एक मामला दर्ज है। धर्मबीर ने नशीले पदार्थो की तस्करी कर रुपयो से अवैध तरीके से अपने बेटे के नाम कंस्ट्रक्टेड कमर्शियल दुकाने व बेटी के नाम से संजय कालोनी में प्लाट खरीदा, जिनकी कीमत 50 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। रोहतक पुलिस की सिफारिश पर वित्त मंत्रालय राजस्व विभाग के कार्यालय सक्षम प्राधिकारी व प्रशासक संजोग कपूर के द्वारा जांच करने के उपरांत रोबिन व ललिता के नाम से खरीदी गई उपरोक्त प्रॉपर्टी को कुर्क किया गया है। साथ ही ललिता व रोबिन के बैंक ऑफ इंडिया के बैंक खातो को सीज किया गया। हाल में रोबिन के खाते मे 1 लाख 51 हजार व ललिता के खाते मे 29 हजार 101 रुपये मौजूद है। पुलिस अधीक्षक उदय सिंह मीना ने बताया कि तस्करों द्वारा अवैध तरीकें से अर्जित की गई सम्पति का पता लगाकर नियमानुसार सम्पति को जब्त करने की कार्यवाही की जा रही है। उप पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया है, जो मादक पदार्थो के तस्करों की सूची बनाकर उनकी सम्पति का पता लगाने में लगी है और जल्द तस्करों की सम्पति को भी जब्त किया जाएगा।

# ट्रांसजेंडरों को लेकर किया जा रहा है पहला फैशन शो

**-- बालीवुड अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरी होंगी मुख्य अतिथि**



**यमुनानगर, (हि.स.)।** ट्रांसजेंडर को लेकर डीएवी कन्या महाविद्यालय में आने वाली 18 जून को एक फैशन शो का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगी। महाविद्यालय के प्रांगण में शुक्रवार को पत्रकारों को जानकारी देते हुए कॉलेज की फैशन डिजाइन की प्रोफेसर डॉली लांबा ने बताया कि हमारे महाविद्यालय द्वारा यह एक पहला प्रयास किया जा रहा है कि इस फैशन शो में ट्रांसजेंडरों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अभी तक अक्सर पुरुष व महिलाओं के ही फैशन शो किए जाते रहे हैं। लेकिन मानवीय आधार पर समाज में अलग-थलग पड़े ट्रांसजेंडर को कहीं भी कोई स्थान नहीं देता। जबकि उन्हें भी स्त्री व पुरुष की तरह समाज में रहने और अपने सभी अधिकारों का प्रयोग करने का हक है जो एक आम नागरिक को मिलते है। इसके लिए देश की उच्चतम न्यायालय ने भी व्यवस्था की है कि ट्रांसजेंडर को लेकर समाज में कोई भेदभाव ना किया जाए और इन्हें समाज के हर क्षेत्र में स्वतंत्र व अच्छा जीवन जीने का हक मिलना चाहिए। उन्हें आगे बढ़ने का मौका मिलना चाहिए यह उनका मौलिक अधिकार है। इन्हें भी नौकरीपेशा या कोई भी व्यवसाय करने की स्वतंत्रता मिलनी चाहिए। और हर क्षेत्र में पूर्ण रूप से आम नागरिक की तरह समाज में रहकर यें अपना जीवन यापन कर सकते हैं। इसी भावना के तहत हमारा यह प्रयास है कि इस बार ट्रांसजेंडरों द्वारा फैशन शो में परेड कराई जाएगी। इन्हें भी समाज के लोगों के बीच में अपनी प्रतिभा और भावना प्रकट करने का अवसर मिलेगा।

उन्होंने कहा कि एक आम नागरिक स्त्री या पुरुष की तरह हम सभी इनका सम्मान करें और इनके साथ एक अच्छा व्यवहार करें। इसी उद्देश्य को लेकर यह कार्यक्रम कराया जा रहा है।

# शुभम हत्याकांड की गवाह प्रेम देवी को मिली धमकी

**-एसएचओ को शिकायत देकर मांगी सुरक्षा**



**हिसार, (हि.स.)।** आदमपुर के शुभम हत्याकांड को लेकर रोषित परिजनों का विभिन्न मांगों के साथ हिसार के नागरिक अस्पताल में तीसरे दिन भी धरने पर रहे। धरने को भीम आर्मी, सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान राजेश बागड़ी, नगर निगम कमेटी, कोराना योद्धा संघ से मोनिका, प्रोग्रेसिव स्टूडेंट फ्रंट छात्र संगठन, फ्रांसी गांव वासी, विधायक कुलदीप बिश्नोई के प्रतिनिधि भूपसिंह व खरड़ गांव लोगों ने समर्थन दिया। धरनास्थल पर उपस्थित पीड़ित पक्ष के धर्मबीर, मृतक के ताऊ महेंद्र व मृतक शुभम की मां ऊषा का कहना है की उन्हें हत्यारोपियों से अब भी जान माल का खतरा है। हत्यारोपियों के जानकर हम पर समझौते का दबाब बना रहे है। पुलिस की लापरवाही से यह हत्याकांड घटित हुआ है। यदि समय रहते आदमपुर पुलिस हम पीड़ितों की मांग पर कड़ी कार्रवाई कर देती तो शुभम को इस दुनिया से यूं नहीं जाना पड़ता। शुरूआत से ही पुलिस का रवैया पक्षपाती व हत्यारोपियों के पक्ष का रहा है जिस कारण इन आरोपियों ने पूरी आदमपुर मंडी में आंतक मचा रखा है। आदमपुर मंडी में इन हत्यारोपियों ने पहले भी करीब दर्जन भर लोगों को चोटे मार रखी है। इनका अवैध नशे का कारोबार है तथा पुलिस की शह पर ये खुलेआम गुंडागर्दी करते रहे है। पीड़ितों ने फिर से दोहराया कि जब तक सभी हत्यारों को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर लेती और हमारी सुरक्षा का प्रबंध नहीं करती तब तक यह धरना जारी रहेगा। इस मौके पर धरने पर भीम आर्मी के प्रदीप भानखड़, प्रवक्ता संतलाल अंबेडकर, डॉ. सुरेन्द्र पंवार, महेन्द्र, अजीत, संदीप, धर्मबीर, कालू, राजेश, ऊषा, विक्रम, बिमला देवी, विद्या देवी, मूर्ति देवी, सुदेश, नरेंद्र भानखड़, राहुल, अमित, जैकी, सुनील, सुधीर व अन्य भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## पेज 1 का शेष भाग

### सरकारों द्वारा नहीं बनाया जाता इतिहास, समाज को ...

तो अपने इतिहास से प्रेरणा और सीख लेकर आगे का रास्ता प्रशस्त करना चाहिए। इतिहास सरकार और किताबों के आधार पर नहीं बनते हैं, सत्य घटनाओं के आधार पर बनते हैं। शाह ने कहा कि धर्म व संस्कृति की रक्षा हेतु मेवाड़ के महाराणाओं के हजारों वर्षों के संघर्ष व गौरवशाली इतिहास को इस पुस्तक में समाहित कर देश के सामने रखने का यह एक सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि भारत में हजारों वर्षों से बह रहे संस्कृति के धारा प्रवाह को अक्षुण्ण रखने वाले सभी योद्धाओं के पराक्रम व बलिदान को मे नमन करते हैं। उनके अतुलनीय संघर्ष से ही हमारी सनातन संस्कृति आज संरक्षित व संवर्धित हुई है। उन्होंने कहा कि हमें टीका टिप्पणी छोड़ कर अपने गौरवशाली इतिहास को जनता के सामने रखना चाहिए, जब हमारा प्रयास बड़ा होगा तो झूठ का प्रयास खुद ही छोटा हो जायेगा। शाह ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने हजारों साल तक अपनी संस्कृति, भाषा और धर्म के लिए जो लड़ाई लड़ी है वो व्यर्थ नहीं गयी, आज देश फिर से सम्मान के साथ खड़ा हो रहा है।

### डेनमार्क के राजदूत ने सीएम अरविंद केजरीवाल ...

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी मौजूद रहे।

**दिल्ली में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दे रहे हैं:** - मुख्यमंत्री ने दिल्ली में वायु प्रदूषण को कम करने को लेकर डेनमार्क के राजदूत फ्रेड्डी स्वेन के साथ विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि हमारे दिल्ली के नागरिकों को शुद्ध हवा मिले, इस पर हमारी सरकार पूरी गंभीरता के साथ काम कर रही है। हम वायु प्रदूषण को कम करने के लिए कई पहलों पर काम कर रहे हैं। हमारी विभिन्न पहलों का परिणाम भी दिख रहा है। दिल्ली में वायु प्रदूषण में काफी कमी आई है। वहीं, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बताया कि ईवी पॉलिसी के अच्छे नतीजे भी सामने आ रहे हैं। अब दिल्ली में नए खरीदे जाने वाले कुल वाहनों में से 12 फीसद से अधिक इलेक्ट्रिक वाहन पंजीकृत हो रहे हैं। राजदूत फ्रेड्डी स्वेन ने केजरीवाल सरकार की ईवी पॉलिसी की तारीफ करते हुए कहा कि दिल्ली में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स को बढ़ावा देने पर बहुत अच्छा काम हो रहा है। यह सराहनीय है। उन्होंने बताया कि मैंने दिल्ली में ई-ऑटो को भी देखा है। यह अच्छी पहल है। इससे वायु प्रदूषण में कमी आएगी। राजदूत ने कहा कि मैंने ई-ऑटो चलाने का अनुभव भी लिया है। यह काफी रोमांचक था। दिल्ली सरकार की यह नीति बेहद अच्छी है और इससे वायु प्रदूषण नियंत्रण में काफी सहायता भी मिलेगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर दिल्ली की करीब 500 किलोमीटर लंबी सड़कों का यूरोपीय देशों की तर्ज पर सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। अभी पायलट प्रोजेक्ट के तहत दिल्ली की 16 सड़कों पर काम चल रहा है। बीते 31 मई को मुख्यमंत्री ने पायलट प्रोजेक्ट के तहत खूबसूरत बनाई जा रही पीतमपुरा स्थित ब्रिटानिया चौक से आउटर रिंग रोड तक की सड़क का दौरा कर जायजा लिया था। उस दौरान मुख्यमंत्री ने बागवानी को लेकर अधिकारियों को कुछ सुझाव भी दिए थे। दिल्ली में जो 16 सड़कें बनाई जा रही हैं, उन सभी पर काम पूरा होने के बाद उनका मूल्यांकन किया जाएगा। इसमें जो भी अच्छी चीजें होंगी, उन्हें बाकी सड़कों के सौंदर्यीकरण के दौरान लागू किया जाएगा।

### अब सचिवालय और मुख्यमंत्री आवास में मिलेगी ...

निर्देश दिए कि कुम्हारों को उन्नत किस्म के मिट्टी के उपकरण बनाने के लिए पर्याप्त मात्रा में मिट्टी उपलब्ध हो, इसके लिए ऐसी मिट्टी वाली भूमि का चिन्हीकरण किया जाए। चिन्हित भूमि से कुम्हारों को आवश्यकतानुसार व मानकों के हिसाब से निःशुल्क मिट्टी उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की जाए। मिट्टी से बने गिलासों में दी जाए चायः मुख्यमंत्री ने कहा कि कुम्हार हस्तकला को राज्य में बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री आवास एवं सचिवालय में मिट्टी से बने गिलासों में चाय देने की शुरूआत की जाए। इसे व्यापक स्तर पर प्रदेशभर में भी बढ़ावा दिया जाए। मुख्यमंत्री एवं अधिकारियों ने सचिवालय में मिट्टी के गिलासों में चाय पीकर इसकी शुरूआत की। हस्तकला को बढ़ावा देने के लिए बनाएं पोर्टलः मुख्यमंत्री ने कहा कि कुम्हार हस्तकला को मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में भी जोड़ा जाए। कुम्हार हस्तकला इकोलॉजी के लिए भी अच्छा है। दीपावली पर्व पर कुम्हारों की ओर से निर्मित एवं अन्य उत्पादों की खरीद के लिए लोगों को प्रेरित भी किया जाए। कुम्हारी हस्तकला को बढ़ावा देने के लिए एक पोर्टल बनाया जाए। इस विद्या से जुड़े लोगों के सुझावों को ध्यान में रखते हुए उन्हें हर सम्भव मदद दी जाए। देश के विभिन्न क्षेत्रों में हुनर हाटों में हस्तकला से जुड़े लोगों को भेजा जाए। कुम्हारी कला को राज्य में बढ़ावा देने के लिए इस क्षेत्र से जुड़े लोगों के उचित प्रशिक्षण की व्यवस्था भी हो। बैठक में अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, सचिव बीवीआरसी पुरूषोत्तम, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, महानिदेशक उद्योग रणवीर सिंह चौहान, अपर सचिव आनन्द श्रीवास्तव, निदेशक उद्योग सुधीर चन्द्र नौटियाल और माटी कला बोर्ड के उपाध्यक्ष शोभाराम प्रजापति उपस्थित रहे।

### जुमे की नमाज के बाद जामा मस्जिद के बाहर हुए ...

के लिए अपील की गई थी मगर बाद में भिवंडी पुलिस स्टेशन पर आयोजित एक बैठक में रजा एकेडमी ने इस तरह के किसी भी अपील को खारिज किया था। देशवासियों से अपील की गई थी कि वह किसी भी साजिश का हिस्सा ना बनें और किसी भी तरह के विरोध-प्रदर्शन में भाग ना लें। इस सब अपीलों के बावजूद आज जामा मस्जिद में जुमे की नमाज के बाद बिना किसी नेतृत्व के धरना-प्रदर्शन करके रेबाजी भी की गई। प्रदर्शनकारियों ने नूपुर शर्मा और नवीन जिंदल को तत्काल गिरफ्तार किए जाने और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिए जाने की भी मांग भी की गई है। जामा मस्जिद के आसपास के क्षेत्रों की बाजार को भी आज बंद रखने का ऐलान किया गया था। बाजार बंद करने के ऐलान का मिलाजुला असर देखने को मिला है। तुर्कमान गेट हार्डवेयर मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष ने सोशल मीडिया पर दुकानें बंद किए जाने की अपील की थी जिसको देखते हुए आज वहां पर दुकानें बंद थीं। चितली कबर, सुई वालान, तिराहा बैरम खान, सर सैयद रोड, दिल्ली गेट बाजार, चूड़ी वाला बाजार, जामा मस्जिद बाजार, उर्दू बाजार, मटिया महल बाजार में कुछ दुकानें खुली रहीं तो कुछ दुकानें बंद थीं।

# भूखे को भोजन व प्यासे को पानी देना सबसे बड़ा धर्म : सांसद डीपी वत्स

**-अग्रोहा मेडिकल में लगाई छबील में सांसद ने की जल सेवा**



**हिसार, (हि.स.)।** राज्यसभा सांसद डा. डीपी वत्स ने कहा है कि प्यासे को पानी और भूखे को भोजन देना हमारे धर्म में सबसे बड़ा पुण्य बताया गया है। नैतिकता व मानवीय दृष्टि से भी यह सर्वश्रेष्ठ कार्य है, इसलिए ऐसे श्रेष्ठ कार्यों के लिए सदैव तैयार रहना चाहिए। वे शुक्रवार को अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में निर्जला एकादशी के अवसर पर लगाई गई छबील का उद्घाटन करने उपरांत बातचीत कर रहे थे। छबील का आयोजन महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा द्वारा मरीजों के साथ आए परिजनों के लिए किया गया था। इस दौरान उनके साथ कॉलेज के सीईओ एयर मार्शल डॉ. आरके रान्याल, कॉलेज निदेशक डॉ. अलका छाबड़ा, निदेशक (प्रशासन) डॉ. आशुतोष शर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे। छबील का उद्घाटन करते हुए सांसद डॉ. डीपी वत्स ने खुद उपस्थित लोगों को मीठा पानी वितरित किया और उपस्थित लोगों से हालचाल जाना। उन्होंने कहा कि पानी की छबील लगाना समाज हित में और परोपकार के लिए एक महत्वपूर्ण कार्य है और कॉलेज प्रशासन की तरफ से मरीजों के साथ आए परिजनों को ध्यान में रखते हुए इस छबील का आयोजन करना प्रशंसनीय है। कॉलेज के सीईओ एयर मार्शल डॉ. आरके रान्याल ने राज्यसभा सांसद के इस आयोजन में पहुंचने पर उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान दिनेश वत्स, रोशन लाल अत्री, बंसीलाल, विक्रम सैनी व कॉलेज स्टाफ के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# प्लॉटों से कब्जे हटवाने की मांग पर भाटला के पीड़ितों का धरना जारी

**-हांसी के लघु सचिवालय के सामने धरना दे रहे हैं पीड़ित**




**हिसार, (हि.स.)।** जिले के गांव भाटला में हरियाणा सरकार द्वारा गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वालों को महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत अलॉट किए गए 100-100 गज के प्लाटों पर अवैध कब्जे करने के मामले में पीड़ितों का हांसी के लघु सचिवालय परिसर में शुक्रवार को दूसरे दिन भी धरना जारी रहा। भाटला के पीड़ितों के समर्थन में अनेक लोग पहुंचे तथा सरकार तथा प्रशासन विरोधी नारे लगाए गए। इस दौरान खुफिया विभाग के अधिकारी लगातार पीड़ितों के धरने पर पहुंचकर उनसे संपर्क साधते रहे तथा उनकी मांगों को आला अधिकारियों तक पहुंचाने का काम किया। धरने पर शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता रिखी राम भी पहुंचे और कहा कि सरकार द्वारा गांव के दलितों को 100-100 गज के प्लाट अलॉट किए गए हैं तथा इन प्लॉटों पर जातिवादी गुंडों ने कब्जे किए हुए हैं। यह एससी एसटी एक्ट के तहत अपराध है तथा पुलिस को इस बारे में अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार करना चाहिए तथा जेल की सलाखों के पीछे भेजना चाहिए। भाटला दलित संघर्ष समिति के सदस्य अजय भाटला व विकास भाटला ने कहा कि अब तक प्रशासन का कोई भी आला अधिकारी धरनास्थल पर नहीं आया है। ना ही उनके किसी प्रतिनिधि ने यहां पर आकर पीड़ितों की मांग या उनके हाल जानने की कोशिश नही की है। इस मौके पर अजय भाटला, विकास भाटला, सचिन, संजय, पवन कुमार पंच, अनिल कुमार, जयपाल धानक, प्रदीप, प्रकाश, आनंद, संदीप, प्रदीप धानक, सुनील वाल्मीकी, सोनू वाल्मीकी, संजय चमार, अनिल, सचिन चोपड़ा, कृष्ण, महावीर, रंगीला बाल्मीकी, रामरति, विमला व खजानी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## इस्लामिक देशों का चौधरी बनना चाहता है कतर, विवादित बयान पर सोची समझी रणनीति के तहत कर रहा भारत का विरोध

**दोहा (ईएमएस)।** भाजपा नेता नूपुर शर्मा की पैगंबर मोहम्मद पर की गई टिप्पणी को लेकर खाड़ी देशों में बवाल मचा हुआ है। सबसे पहले कतर ने इस मुद्दे को लेकर अपना विरोध दर्ज कराया था। कतर ने उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू के दौरे की परवाह न करते हुए भारतीय राजदूत को तलब किया और इस मुद्दे पर अपनी आपत्ति दर्ज कराई। कतर ने नूपुर शर्मा के बयान को पूरी दुनिया के मुसलमानों का अपमान बताकर प्रचारित किया। इस मुद्दे पर खाड़ी देशों में भारतीय सामानों का बहिष्कार शुरू हो गया। दरअसल, कतर का इस्लाम को लेकर भारत विरोध एक सोची समझी रणनीति का हिस्सा है। कतर पूरी दुनिया में सऊदी अरब को पछाड़कर इस्लामी देशों का रहनुमा बनना चाहता है। यही कारण है कि प्राकृतिक गैस संपन्न यह छोटा सा अरब देश आतंकवादी संगठनों की फंडिंग करने से पीछे नहीं हटता है। कतर पर तालिबान, इस्लामिक स्टेट, अल कायदा, हिज्बुल्लाह, मुस्लिम ब्रदरहुड, अल नुसरा फ्रंट समेत दुनियाभर के कई खूंखार आतंकवादी संगठनों से संबंध होने के आरोप लगते रहे हैं। कतर पर इन आतंकी संगठनों की फंडिंग करने और पनाह देने के आरोप भी लगे हैं। इसके बावजूद यह खाड़ी देश अपनी अमीरी के दंभ में इस्लाम को लेकर राजनीतिक एजेंडे को चलाने से बाज नहीं आता है। 2014 में कतर पर आईएसआईएस की फंडिंग करने, 2020 में हिजबुल्लाह को आर्थिक मदद देने और जून 2021 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नामित आतंकवादी समूह अल नुसरा फ्रंट को पैसे भेजने के आरोप लगे। इसके अलावा तालिबान के साथ कतर के रिश्ते तो जगजाहिर हैं। यही कारण है कि पिछले साल तालिबान के साथ बातचीत में कतर की भूमिका काफी महत्वपूर्ण मानी गई थी। कतर ने अफगानिस्तान से खदेड़े जाने के बाद तालिबान की खुलकर मदद की थी। इसी कारण तालिबान ने कतर की राजधानी दोहा में अपना राजनीतिक कार्यालय खोला था। इसी कार्यालय के जरिए तालिबान ने अमेरिका के साथ शांति समझौता किया। इसी के चलते तालिबान को अफगानिस्तान में पकड़ जमाने का मौका मिल गया। तालिबान के इस कार्यालय को चलाने के लिए फंडिंग कतर ने की। कतर के ही दिए विमान में तालिबान के नेता उड़ान भर पूरी दुनिया की सैर करते थे। यह वही तालिबान है, जिसने अफगानिस्तान में लाखों लोगों का कत्लेआम किया, महिलाओं पर भयंकर जुल्म ढाहे और लड़कियों की शिक्षा को बंद कर दिया। अब उसी तालिबान ने नागरिक सरकार को बंदूक के दम पर अपदस्थ कर अफगानिस्तान पर कब्जा जमा लिया है। कतर के शाह के एक निजी कार्यालय के जरिए अल नुसरा फ्रंट को अरबों डॉलर की मदद दी गई थी। सीरियाई संगठनों ने दावा किया था कि इस फंडिंग के पीछे दो कतरी बैंक, कई दान, धनी व्यवसायी, प्रमुख राजनेता और नागरिक शामिल थे। लंदन में उच्च न्यायालय में दायर की गई याचिका में कहा गया था कि कतर के इन संस्थाओं, राजनेताओं और शाही परिवार ने मुस्लिम ब्रदरहुड, सुन्नी इस्लामी संगठन के समन्वय में काम करने वाले अल नुसरा फ्रंट की मदद की थी। सीरियाई लोगों द्वारा दायर कानूनी कार्रवाई के अनुसार, अल-नुसरा फ्रंट को फंड देने में सबसे बड़ी भूमिका कतरी अमीरों की थी। अल नुसरा फ्रंट को अमेरिका, ब्रिटेन और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने आतंकवादी संगठन के रूप में नामित किया है।

# पुतिन ने रूस के पहले जार पीटर द ग्रेट से की अपनी तुलना, कहा जारी रहेगा विस्तार का सिलसिला



**मास्को (ईएमएस)।** यूक्रेन युद्ध के बीच रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपनी तुलना रूस के महान राजा पीटर से की है। रूस के पहले जार रहे पीटर द ग्रेट ने 18वीं सदी में बाल्टिक तट पर स्वीडन के खिलाफ भीषण जंग लड़ी थी और जीत दिलाई थी। पुतिन ने कहा कि रूस को अपने क्षेत्रों को वापस लेने और अपनी रक्षा करने की जरूरत है।

पुतिन का यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब रूसी सेनाएं भीषण हमले करके यूक्रेन के दोनबास इलाके पर कब्जा करने की दिशा में काफी हद तक आगे बढ़ चुकी हैं। पुतिन ने मास्को में जार पीटर द ग्रेट के 350वें जन्मदिन पर आयोजित एक प्रदर्शनी में उनके सेंट पीटरसर्बर्ग शहर को बसाने और आधुनिक दौर में रूस की महत्वाकांक्षाओं की तुलना की। रूसी राष्ट्रपति ने देश के युवा उद्यमियों से बातचीत में कहा आपको यह लग सकता है कि स्वीडन की जंग लड़कर पीटर ने कुछ कब्जा करने की कोशिश की होगी। वह कुछ भी नहीं ले रहे थे, बल्कि वह इसे वापस ले रहे थे। पुतिन ने कहा कि जब पीटर द ग्रेट ने रूस के सेंट पीटरसर्बर्ग शहर की स्थापना की और उसे रूसी राजधानी घोषित किया तब यूरोप के किसी भी देश ने इस क्षेत्र को रूसी क्षेत्र के रूप में मान्यता नहीं दी थी। रूसी राष्ट्रपति ने कहा हर कोई इसे स्वीडन का हिस्सा मानता था लेकिन प्राचीन समय से ही स्लाव लोग वहां फिनो-उगरिक लोगों के साथ रहते थे। उन्होंने कहा यह हमारी जिम्मेदारी है कि उसे वापस लिया जाए और मजबूत किया जाए। उनका इशारा यूक्रेन की ओर था। रूसी राष्ट्रपति ने कहा हां, इतिहास में ऐसा भी समय था जब हमारे देश को पीछे हटने के लिए मजबूर होना पड़ा लेकिन यह केवल शक्ति हासिल करने के लिए और आगे बढ़ने के लिए किया था। उल्लेखनीय है कि ग्रेट नॉर्दर्न वार (1700-1721) के दौरान स्वीडन को पीटर द ग्रेट के हाथों हार का मुंह देखना पड़ा था। इस जीत के बाद रूस बाल्टिक समुद्र में प्रमुख ताकत और यूरोपीय मामलों में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी बनकर उभरा था। हालांकि यूक्रेन युद्ध के बाद रूस और यूरोप के रिश्ते रसातल में चले गए हैं। रूसी अधिकारी अब पीटर द ग्रेट की यूरोप के साथ दोस्ती को कमतर दिखाते हुए उनके रूसी क्षेत्र के विस्तार की भूमिका पर अपना जोर दे रहा है। पुतिन ने इस बयान के जरिए साफ किया कि रूस के क्षेत्रीय विस्तार के लिए दरवाजे खोले हुए हैं। साथ ही रूसी संप्रभुता पर जोर बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कोई भी देश बीच में नहीं है। एक देश या तो संप्रभु है या फिर उपनिवेश है। पुतिन ने आगे कहा यह असंभव है-आप समझते हैं- कि रूस जैसे देश के चारों ओर बाड़ बनाई जाए। हम इस बाड़ को बनाने का इरादा नहीं रखते हैं। पीटर प्रथम रूस के पहले जार थे और उसके बाद 1682 से लेकर अपने निधन 1725 तक देश के शासक थे।

## टॉप अमेरिकी जनरल के लद्दाख को लेकर किए गए दावे पर भड़का चीन, कहा आग में घी डालने की कोशिश ठीक नहीं

**बीजिंग (ईएमएस)।** चीन ने अमेरिका के टॉप मिलिट्री जनरल के लद्दाख को लेकर किए गए दावे पर तीखी प्रतिक्रिया की है। चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और चीन के पास बातचीत के जरिए सीमा मुद्दे को ठीक से हल करने की इच्छा और क्षमता है। चीन ने अमेरिका पर आग में घी डालने और क्षेत्रीय शांति को भंग करने का आरोप लगाया। बीजिंग ने दावा किया कि भारत-चीन सीमा पर सैन्य गतिरोध स्थिर हो रहा है। दरअसल, एक दिन पहले ही अमेरिकी सेना के प्रशांत क्षेत्र के कमांडिंग जनरल चार्ल्स ए फ्लिन ने कहा था कि लद्दाख में भारत से लगती सीमा के निकट चीन द्वारा कुछ रक्षा बुनियादी ढांचे स्थापित किया जाना चिंताजनक है और इस क्षेत्र में चीनी गतिविधियां आंख खोलने वाली है। बीजिंग में एक नियमित मीडिया ब्रीफिंग में, चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियन ने कहा कि यह सीमा मुद्दा चीन और भारत के बीच है और दोनों पक्षों के पास बातचीत के माध्यम से इस मुद्दे को ठीक से हल करने की इच्छा और क्षमता है। उन्होंने कहा कि कुछ अमेरिकी अधिकारी आग में घी डालने की कोशिश कर रहे हैं। यह एक घृणित कार्य है। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि वे क्षेत्रीय शांति और स्थिरता में योगदान करने के लिए और अधिक प्रयास करेंगे।



चीन प्रवक्ता ने दोहराया कि पूर्वी लद्दाख की स्थिति जहां दोनों पक्षों के बीच दो साल से अधिक समय से सैन्य गतिरोध था, वह अब स्थिर हो रहा है। उन्होंने यह भी दावा किया कि दोनों देशों की अग्रिम पंक्ति की सेनाओं को चीन-भारत सीमा के पश्चिमी हिस्से के अधिकांश क्षेत्रों से हटा भी लिया गया है। इसके बावजूद सीमा पर कई ऐसे प्वाइंट अब भी मौजूद हैं, जहां भारत और चीन की सेनाएं आमने-सामने डटी हुई हैं। इसी मुद्दे को हल करने के लिए दोनों देशों के बीच कम से कम 13 दौर की सैन्य बातचीत भी हो चुकी है। भारत के दौरे पर आए अमेरिकी सेना के प्रशांत क्षेत्र के कमांडिंग जनरल चार्ल्स ए फ्लिन ने यहां पत्रकारों से कहा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) का अस्थिर करने वाला और दबाव बढ़ाने वाला व्यवहार उसकी मदद नहीं करने जा रहा है और भारत से लगती अपनी सीमा के निकट चीन द्वारा स्थापित किए जा रहे रक्षा बुनियादी ढांचे चिंताजनक हैं।

उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में चीन की गतिविधियां आंख खोलने वाली हैं। भारत से लगती अपनी सीमा के निकट चीन द्वारा स्थापित किए जा रहे कुछ रक्षा बुनियादी ढांचे चिंता की बात है। भारत और चीन के सशस्त्र बलों के बीच पांच मई 2020 से पूर्वी लद्दाख में सीमा पर तनावपूर्ण संबंध बने हुए हैं, जब पैंगोंग त्सो क्षेत्रों में दोनों पक्षों के बीच हिंसक झड़प हुई थी। पिछले महीने, यह सामने आया कि चीन पूर्वी लद्दाख में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण पैंगोंग झील के आसपास अपने कब्जे वाले क्षेत्र में एक अन्य पुल का निर्माण कर रहा है और वह ऐसा कदम इसलिए उठा रहा है, ताकि सेना को इस क्षेत्र में अपने सैनिकों को जल्दी से जुटाने में मदद मिल सके। चीन भारत से लगे सीमावर्ती इलाकों में सड़कें और रिहायशी इलाके जैसे अन्य बुनियादी ढांचे भी स्थापित करता रहा है। चीन का हिंद-प्रशांत क्षेत्र के विभिन्न देशों जैसे वियतनाम और जापान के साथ समुद्री सीमा विवाद है।

## हैकर्स ने रूसी रेडियो स्टेशन को हैक किया, बजने लगा यूक्रेन का राष्ट्रगान, बंद कराना पड़ा प्रसारण

**मॉस्को (ईएमएस)।** यूक्रेन से युद्ध के बीच रूसी रेडियो स्टेशन के हैक होने से मॉस्को में हड़कंप मच गया। हैकर्स ने रेडियो स्टेशन के जरिए पूरे रूस में यूक्रेन के राष्ट्रगान का प्रसारण करवा दिया। इतना ही नहीं, उन्होंने युद्ध विरोधी गाने भी बजाए। इसके बाद आनन-फानन में रेडियो स्टेशन की तकनीकी टीम ने प्रसारण को बंद कर दिया। रूसी तकनीशियनों ने बाद में फिर प्रसारण शुरू कराया। इस रेडियो स्टेशन का नाम कोमर्सेंट एफएम बताया जा रहा है, जिसका स्वामित्व कोमर्सेंट समाचार पत्र के पास है। कोमर्सेंट एफएम पर पर लंचटाइम न्यूज बुलेटिन के दौरान यूक्रेनी सैन्य गान ओह द रेड वाइबर्नम इन द मीडो बजने के मामले की जांच शुरू कर दी गई है। कोमर्सेंट एफएम के प्रधान संपादक एलेक्सी वोरोब्योव ने पुष्टि करते हुए कहा कि उनके चैनल को कुछ शरारती हैकर्स ने हैक कर लिया था। उन्होंने बताया कि हमें वास्तव में हैक किया गया था। तकनीकी विशेषज्ञ अब इस हमले के बारे में अधिक जानकारी जुटा रहे हैं, इंटरनेट स्ट्रीम के साथ कुछ करने की कोशिश कर रहे हैं। इस रूसी एफएम चैनल पर बजाए गए कुछ अन्य गीतों में रूसी रॉक बैंड नोगु स्वेलो के बनाए यूक्रेनी राष्ट्रगान और आई डोंट नीड ए वॉर भी शामिल हैं। इस घटना का एक ऑडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कोमर्सेंट अखबार और एफएम का स्वामित्व रूसी बिजनेसमैन अलीशर उस्मानोव के पास है। अलीशर उस्मानोव रूस के पांचवे सबसे अमीर शख्स हैं। यूरोपीय यूनियन अलीशर उस्मानोव को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सबसे पसंदीदा बिजनेसमैन में से एक मानता है। यूक्रेन के साथ युद्ध शुरू होने के बाद कई मौकों पर रूसी टीवी और रेडियो स्टेशनों को हैक किया गया है। मार्च के मध्य में रूस की सरकारी चैनल वन को हैक किया गया था। इस दौरान हैकर्स ने चैनल पर झूठी खबर चलाने की बात स्वीकारने और माफी मांगने की न्यूज चला दी थी। 10 मई को रूसी विक्टरी डे परेड के दिन भी एक रूसी टीवी चैनल को हैक किया गया था। इस दौरान चैनल पर आपके हाथों में हजारों यूक्रेनियन और उनके सैकड़ों मारे गए बच्चों का खून है का मैसेज टेलिकॉस्ट किया गया था।

## अपनी परवाह किए बगैर जलते हुए टैंकर को भीड़ से दूर ले गया जांबाज टैंकर चालक, बचाई सैकड़ों लोगों की जान

**-पीएम शहबाज शरीफ ने की तारीफ, बलूचिस्तान के सीएम मीर कुद्दुस बिजेंजो ने किया 5 लाख देने का ऐलान**



**इस्लामाबाद (ईएमएस)।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ एक ट्रक ड्राइवर को इस्लामाबाद में सम्मानित करने वाले हैं। मुहम्मद फैसल नाम के इस ऑयल टैंकर ड्राइवर को पाकिस्तान में 'हीरो' कहा जा रहा है, जो एक जलता हुआ टैंकर लेकर भीड़ से दूर चला गया जिससे कई जानें बच गई। शहबाज शरीफ ने कहा अपनी जिंदगी को खतरे में डालकर हजारों लोगों की जान बचाने के इस जज्बे की जितनी तारीफ की जाए, कम है। शहबाज ने ड्राइवर को फोन करने और उसके साहस के प्रति सम्मान व्यक्त करने का निर्देश दिया है। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री मीर कुद्दुस बिजेंजो ने भी ट्रक ड्राइवर के साहस और लोगों की जान बचाने के लिए पांच लाख के इनाम की घोषणा की है। बलूचिस्तान सीएम ऑफिस की ओर से जारी बयान के मुताबिक बिजेंजो ने ड्राइवर के साहस और बहादुरी की प्रशंसा की है और उसके लिए एक खास पुरस्कार की घोषणा की है। अब मुहम्मद फैसल को इस्लामाबाद बुलाकर सम्मानित किया जाएगा। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के स्ट्रेटजिक रिफॉर्म के प्रमुख सलमान सूफी ने अपने ट्वीट में बताया बहुत जल्द ड्राइवर इस्लामाबाद में होगा। उन्होंने कहा बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री पहले ही उसके लिए पुरस्कार की घोषणा कर चुके हैं। बलूचिस्तान की सरकार की ओर ट्रक ड्राइवर के लिए उसकी योग्यता के अनुसार एक सरकारी नौकरी की भी घोषणा की जाएगी। पाकिस्तान के कई राजनेताओं ने ट्विटर पर ट्रक ड्राइवर की तारीफ की है। बुधवार को फैसल हजारों लोगों की जान बचाने के लिए प्रांतीय राजधानी के कंबरानी रोड पर आबादी वाले इलाके से एक जलते हुए टैंकर को लेकर भागे थे। यह बिल्कुल किसी फिल्म के सीन की तरह लग रहा था। एक पेट्रोल पंप पर फैसल की गाड़ी में आग लग गई थी जिसके बाद इसे लेकर भीड़ से दूर चले गए। फैसल की ड्राइविंग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद उन्होंने कहा मुझे लग रहा था कि ऑयल टैंकर फट जाएगा और मैं मर जाऊंगा।

## आज का इतिहास 11 जून

1675 फ्रांस और पोलैंड के बीच गठबंधन हुआ.

1981 दक्षिण पूर्वी ईरान में भूकम्प से डेढ हजार से अधिक लोगों की मौते हुई.

1983 भारतीय उद्योग के वयोवृद्ध नेता जी.डी.बिरला का निधन.

1983 डॉ. फारुख अब्दुला जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री बने.

1984 जार्डन के शाह हुसैन ने पश्चिम एशिया में शांति के लिए अमरीकी भूमिका को अर्थहीन करार दिया.

1991 ईरान ने आरोप लगाया कि इराक दक्षिणी दल-दल में फंसे शिया मुसलमानों का सफाया करने के लिए सैनिक भेज रहा है.

1992 पनामा यात्रा के दौरान भड़की हिंसा से अमरीकी राष्ट्रपति जार्ज बुश को भागना पड़ा.

1993 उत्तर कोरिया ने परमाणु अप्रसार संधि से हटने का फैसला बदल दिया.

2000 पूर्व केंद्रीय मंत्री व कांग्रेस के वरिष्ट नेता राजेश पायलट की दौसा के पास सड़क दुर्घटना में मृत्यु.

2001 कश्मीर के अनंतनाग जिले में संगूस स्थित मस्जिद में छिपे तीन उग्रवादी मारे गये.

2006 चांदीपुर रेंज में पृथ्वी मिसाइल का परीक्षण हुआ.

## 2023 में गहरा सकता हैं दुनिया में खाद्य संकट, दो अरब लोग को पड़ सकते हैं खाने के लाले

**जिनेवा (ईएमएस)।** यूक्रेन में युद्ध के चलते दुनिया भर के 94 देशों में संकट की स्थिति, और कुल 1.6 अरब लोग परेशान हैं। संयुक्त राष्ट्र की ग्लोबल क्राइसिस रेस्पॉन्स ग्रुप रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया भर में लोग पैसे, खाने और ऊर्जा के संकट का सामना कर रही है। इसके अलावा सामाजिक सुरक्षा की स्कीमों और आर्थिक सहयोग में इजाफी किए जाने की बात भी कही गई है, ताकि कमजोर वर्ग के लोगों को मदद मिल सके। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 में बड़ा खाद्य संकट पैदा हो सकता है। यदि ऐसा हुआ तब फिर लोगों को खाने की किल्लत होगी और भोजन की उपलब्धता कम होगी। रिपोर्ट में कहा गया है, यदि जंग जारी रही और खाद्यान्न एवं खाद की



कीमतों में इजाफा जारी रहा, तब फिर अगले साल संकट की स्थिति पैदा होगी है। गेहूं, मक्का और सब्जी सहित कई खाद्य पदार्थों की कीमतें तेजी से बढ़ सकती हैं। इससे करीब दो अरब लोग प्रभावित हो सकते हैं। यह आंकड़ा बहुत बड़ा है। बता दें कि यूक्रेन जंग के बाद से दुनिया भर में पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में इजाफा हो रहा है। इसके अलावा गेहूं की कीमतें भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई हैं। यूक्रेन दुनिया के सबसे बड़े गेहूं उत्पादक देशों में से एक है। यूएन के सेक्रेटरी एंटानियो गुटारेस ने कहा कि यूक्रेन संकट के चलते दुनिया भर में संकट की स्थिति पैदा हो सकती है। इस संकट से किसी भी देश या फिर जनता का मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि यूक्रेन और रूस के बीच जंग चलते हुए तीन महीने बीत चुके हैं और अब नई तरह की समस्याएं पैदा हो रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया भर में भूख का संकट बढ़ रहा है और यदि कोई उपाय नहीं हुए तब फिर इसमें और इजाफा होगा है। गौरतलब है कि कोरोना संकट के बाद दुनिया भर में खाने की असुरक्षा का सामने करने वाले लोगों की संख्या तेजी से बढ़ते हुए 276 मिलियन तक पहुंच चुकी है, जो पहले 135 मिलियन तक ही थी।

## पाकिस्तान में कुल 22,10,566 हिंदू, जो कुल आबादी 18,68,90,601 का महज 1.8 फीसदी

**पेशावर (ईएमएस)।** पाकिस्तान में कुल 22,10,566 हिंदू रहते हैं जो कुल पंजीकृत आबादी 18,68,90,601 का महज 1.8 प्रतिशत हैं। यह जानकारी सेंटर फॉर पीस एंड जस्टिस पाकिस्तान की रिपोर्ट में दी गई है। नेशनल डाटाबेस एंड रजिस्ट्रेशन अथॉरिटी (एनएडीआरए) के आंकड़ों के आधार पर तैयार रिपोर्ट में बताया गया कि पाकिस्तान की आबादी में अल्पसंख्यकों की आबादी 5 प्रतिशत से कम है और इनमें से हिंदू सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समूह है। एनएडीआरए के मुताबिक मार्च तक देश में कुल पंजीकृत आबादी 18,68,90,601 है, जिनमें से मुस्लिमों की संख्या 18,25,92,000 है। प्राधिकरण से अल्पसंख्यकों को प्राप्त कंप्यूटरीकृत राष्ट्रीय पहचान पत्र



(सीएनआईसी) के आधार पर रिपोर्ट में अलग-अलग 17 धार्मिक समूहों की पुष्टि की गई है और 1,400 लोगों ने स्वयं को नास्तिक बताया है। पाकिस्तान में तीन राष्ट्रीय जनगणना के आधार पर तैयार रिपोर्ट के मुताबिक, देश में 22,10,566 हिंदू, 18,73,348 ईसाई, 1,88,340 अहमदिया, 74,130 सिख, 14,537 बहाई और 3,917 पारसी रहते हैं। देश में 11 अन्य अल्पसंख्यक समुदाय हैं जिनके लोगों की संख्या दो हजार से कम है, जिन्हें एनएडीआरए ने सीएनआईसी जारी किए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान में 1,787 बौद्ध, 1,151 चीनी, 628 शिंटो, 628 यहूदी, 1,418 अफ्रीकी धर्म अनुयायी, 1,522 केलाशा धर्म अनुयायी और छह लोग जैन धर्म का पालन करते हैं। पाकिस्तान में धार्मिक अल्पसंख्यक हिंदू, सिख और ईसाई समुदाय के लोगों का बुरा हाल है। आए दिन कट्टरपंथियों के इशारे पर इन धर्मों को मानने वाले परिवारों की बेटियों का अपहरण कर जबरन निकाह करवाया जाता है। इतना ही नहीं, धार्मिक अल्पसंख्यकों के पूजा स्थल पर हमले होना आम बात है। इसके बवाजूद पाकिस्तान की पुलिस ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई करने की जगह लीपापोती ही करती है।

## न्यूजीलैंड में भेड़ या गाय के डकारने पर किसानों को हर बार देना होगा पैसा

**ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन से निपटने का तरीका**

वेलिंग्टन (ईएमएस)। इंसानों की कई गतिविधियां पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती हैं। इन्हें रोकने के लिए लगातार प्रयास हो रहे हैं। न्यूजीलैंड ने कृषि से होने वाले ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन से निपटने के लिए अनोखा कदम उठाया है। न्यूजीलैंड में एक ड्राफ्ट लॉ पेश किया गया है, जिसके तहत देश के किसानों से उनकी भेड़ या गाय के डकारने पर हर बार पैसे लिए जाएंगे। पर्यावरण मंत्रालय के मुताबिक मसौदा कानून के अस्तित्व में आने के बाद न्यूजीलैंड दुनिया का पहला देश होगा, जहां किसानों को अपने पशुओं के उत्सर्जन के लिए भुगतान करना होगा। 50 लाख की आबादी वाला न्यूजीलैंड एक बड़ा कृषि निर्यातक है,जहां 1 करोड़ मवेशी और 2.6 करोड़ भेड़ हैं। देश के कुल ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग आधा कृषि से होता है, जिसमें मुख्य रूप से मीथेन शामिल है। सरकार और कृषि समुदाय के प्रतिनिधियों की ओर से तैयार किए गए ड्राफ्ट प्लान के अनुसार, किसानों को 2025 से अपने गैस उत्सर्जन के लिए भुगतान करना होगा। लंबी और छोटी फार्म गैस की कीमत अलग-अलग होगी लेकिन उनकी मात्रा की गणना एक ही तरीके से की जाएगी। जलवायु परिवर्तन मंत्री जेम्स शॉ ने कहा, इसमें कोई दो राय नहीं है कि हमें उस मीथेन की मात्रा को कम करना होगा जिसे हम वातावरण में झोंक रहे हैं।

इसमें एक प्रभावी उत्सर्जन मूल्य निर्धारण प्रणाली अहम भूमिका निभाएगी। दस्तावेज के अनुसार, ड्राफ्ट प्लान में किसानों के लिए उत्सर्जन को कम करने के लिए इन्सेंटिव्स को शामिल किया गया है जिसकी भरपाई जंगल लगाकर की जा सकती है। इस स्कीम से आने वाले पैसे को किसानों के लिए रिसर्च, डेवलपमेंट और एडवाइजरी सर्विसेज में निवेश किया जाएगा।




लॉस एंजिल्स में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ब्राजील के राष्ट्रपति जेयर बोलसेनरो के साथ ही नौवे सम्मेलन को संबोधित करते हुए। (फोटो-ईएमएस)

DELHI CRIME 11 june 2022:Layout 1 6/10/2022 7:55 PM Page 5



# रिजर्व बैंक जल्द डिजिटल कर्ज देने वाले मंचों के लिए नियामकीय रूपरेखा लाएगा



**मुंबई (ईएमएस)।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि केंद्रीय बैंक जल्द ही डिजिटल ऋण मंचों के लिए नियामकीय रूपरेखा लेकर आएगा। गौरतलब है कि इन मंचों में कई अनधिकृत और अवैध हैं। डिजिटल कर्ज एप के कुछ परिचालकों द्वारा कर्ज लेने वालों के उत्पीड़न के कारण उनके बीच कथित रूप से आत्महत्या के मामले बढ़ रहे हैं। गर्वनर दास ने भारतीय व्यापार (अतीत, वर्तमान और भविष्य) विषय पर एक व्याख्यान देकर कहा, मुझे लगता है कि बहुत जल्द हम एक व्यापक नियामकीय ढांचे के साथ सामने आएंगे, जो डिजिटल मंचों के द्वारा ऋण देने के संबंध में हमारे सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने में सक्षम होगा। इन मंचों में कई अनधिकृत और बिना पंजीकरण के चल रहे हैं। मुझे कहना चाहिए कि ये अवैध हैं। दास ने कहा था कि बिना पंजीकरण के डिजिटल ऋण देने वाले एप से कर्ज लेने वाले ग्राहकों को किसी भी तरह की समस्या होने पर स्थानीय पुलिस से संपर्क करना चाहिए। उन्होंने यह स्पष्ट करते हुए कहा कि केंद्रीय बैंक केवल उसके साथ पंजीकृत संस्थाओं के खिलाफ कार्रवाई करेगा। गवर्नर ने कहा कि आरबीआइ की वेबसाइट पर उन एप की एक सूची है, जो उसके साथ पंजीकृत हैं। उन्होंने कहा कि कई राज्यों में पुलिस ने कानून के प्रावधानों के अनुसार गलत काम करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। दास ने कहा, इस तरह के एप का उपयोग करने वाले सभी लोगों से मेरा विनम्र अनुरोध है कि पहले यह जांच लें कि एप आरबीआई के साथ पंजीकृत है या नहीं। अगर एप पंजीकृत है, तब मैं आपको आश्वासन देता हूं केंद्रीय बैंक किसी भी गलत काम के मामले में तुरंत कार्रवाई करेगा। गवर्नर ने कहा कि आरबीआई आर्थिक प्रगति के लिए मौजूदा और उभरते व्यवसायों की भूमिका को मान्यता देता है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यवसाय की दीर्घकालिक सफलता सीधे तौर पर उसके कामकाज की गुणवत्ता, आंतरिक नियंत्रण प्रणाली और जोखिम नियंत्रण की मजबूती तथा संगठनात्मक संस्कृति से जुड़ी होती है।

# विदेश में सबसे बड़ी डील के करीब पहुंचे अरबपति कारोबारी मुकेश अंबानी




**मुंबई (ईएमएस)।** दिग्गज उद्योगपति और अरबपति कारोबारी मुकेश अंबानी विदेश में सबसे बड़ी डील के करीब हैं। यह डील अंबानी के स्वामित्व वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज और यूएस बायआउट फर्म अपोलो ग्लोबल मैनेजमेंट का कंसोर्टियम कर रहा है। यह कंसोर्टियम वालग्रीन्स बूट्स अलायंस की अंतरराष्ट्रीय केमिस्ट और ड्रगस्टोर इकाइयों के अधिग्रहण के करीब पहुंच गया है। रिपोर्ट में बताया गया कि कंसोर्टियम ने इस डील के लिए बाइंडिंग ऑफर तैयार किया है। रिपोर्ट में कहा गया कि इस ऑफर में कारोबार की कीमत 5 अरब पाउंड (6.3 अरब डॉलर) रखी गई है। बता दें कि यह कंसोर्टियम फंडिंग के लिए वैश्विक स्तर के दिग्गजों के साथ बातचीत कर रहा था। अगर यह सौदा पूरा होता है, तब यह रिलायंस का विदेश में सबसे बड़ा अधिग्रहण होगा। रिलायंस-अपोलो कंसोर्टियम की संभावना तब और बढ़ गई, जब अरबपति इस्सा ब्रदर्स मोहसिन और जुबेर इस्सा इस अधिग्रहण से दूर जाने की योजना बना रहे थे। अंबानी के स्वामित्व वाली रिलायंस लगातार अधिग्रहण कर रही है। कंपनी अपने पारंपरिक तेल-रसायन व्यवसाय में विविधता लाने के लिए कई क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति का विस्तार कर रही है। इस मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने कहा है कि वॉलग्रीन्स, बूट्स के लिए करीब 7 बिलियन पाउंड की वैल्यूएशन की मांग कर रहा है। यह व्यवसाय पूरे यूके में 2,200 से अधिक स्टोर्स का नेटवर्क चलाता है। साथ ही यह नो 7 ब्यूटी कंपनी जैसे निजी-लेबल ब्रांड भी चलता है। मुकेश अंबानी की रिलायंस, ब्रिटिश हाई स्ट्रीट से आगे बढ़कर उभरते बाजारों में अपना विस्तार करना चाह रही है। रिपोर्ट के अनुसार आने वाले हफ्तों में विजेता बोली लगाने वाले को चुना जा सकता है।

# इक्विटी म्यूचुअल फंड को मई में 18,529 करोड़ का निवेश मिला




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के प्रति निवेशकों का आकर्षण लगातार बढ़ रहा है जिसके चलते इक्विटी म्यूचुअल फंड में लगातार निवेश आ रहा है। उद्योग निकाय एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) ने कहा कि मई का यह आंकड़ा अप्रैल में इक्विटी म्यूचुअल फंड में हुए 15,890 करोड़ रुपए के निवेश की तुलना में अधिक है। इक्विटी यानी शेयर में निवेश से जुड़ी योजनाओं में निवेश मार्च, 2021 से ही बढ़ रहा है। यह निवेशकों के बीच ऐसी योजनाओं को लेकर सकारात्मक धारणा को दर्शाता है। इससे पहले इन योजनाओं से जुलाई, 2020 से लेकर फरवरी, 2021 के दौरान लगातार 46,791 करोड़ रुपए की राशि निकाली गई थी। वहीं एसआईपी के जरिये निवेश मई, 2022 में बढ़कर 12,286 करोड़ रुपए पर पंहुच गया, जो अप्रैल में 11,863 करोड़ रुपए था। सितंबर, 2021 में 10,351 करोड़ रुपए के निवेश के बाद यह लगातार नौवां महीना है जब एसआईपी में निवेश का प्रवाह 10,000 करोड़ रुपए से अधिक रहा है। इक्विटी के अलावा गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड कोष (ईटीएफ) में आलोच्य माह के दौरान 203 करोड़ रुपए का निवेश आया। वही दूसरी तरफ, ऋण या बांड श्रेणी में पिछले महीने 32,722 करोड़ रुपए की निकासी हुई। हालांकि अप्रैल में इसमें 69,883 करोड़ रुपए का निवेश हुआ था। कुल मिलाकर म्यूचुअल फंड उद्योग में मई माह के दौरान 7,532 करोड़ रुपए की निकासी हुई, जबकि इससे पिछले महीने 72,846 करोड़ रुपए का निवेश हुआ था।

# एचडीएफसी और आईओबी ने कर्ज पर ब्याज दरें बढ़ाई




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** आवास ऋण देने वाली देश की सबसे बड़ी वित्तीय कंपनी एचडीएफसी लिमिटेड ने खुदरा प्रधान ऋण दर आधा प्रतिशत बढ़ा दी। वहीं सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) ने भी रेपो दर आधारित ब्याज दर बढ़ाई है।भारतीय रिजर्व बैंक के बुधवार को रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की वृद्धि के बाद वित्तीय संस्थानों ने ब्याज दरों में बढ़ोतरी का सिलसिला शुरू किया है। एचडीएफसी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि आवास ऋण के लिए खुदरा प्रधान उधारी दर 0.50 प्रतिशत बढ़ाई गई है। यह वृद्धि 10 जून, 2022 से प्रभावी हो गई है। आईओबी ने भी रेपो आधारित ब्याज दर 0.50 प्रतिशत बढ़ा दी है। इंडियन ओवरसीज बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा है कि बैंक ने रेपो आधारित उधारी दर (आरएलएलआर) बढ़ाकर 7.75 प्रतिशत कर दी है। यह वृद्धि 10 जून, 2022 से प्रभावी हो गई है। इससे पहले बुधवार को सार्वजनिक क्षेत्र के तीन बैंकों पंजाब नेशनल बैंक, इंडियन बैंक और बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) ने रेपो आधारित ब्याज दर आधा प्रतिशत बढ़ा दी थी।

# विप्रो के सीईओ देश के आईटी सेक्टर में सबसे ज्यादा वेतन पाने वाले एग्जीक्यूटिव



**बेंगलूरु (ईएमएस)।** विप्रो के सीईओ थेरी डेलपोर्ट देश के आईटी सेक्टर में सबसे ज्यादा वेतन पाने वाले एग्जीक्यूटिव हैं। 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्त वर्ष में उन्हें 79.8 करोड़ रुपए का पैकेज मिला। विप्रो ने यूएस सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन के पास फाइल सालाना रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। इससे पहले वित्त वर्ष 2020-21 में उन्हें 64.3 करोड़ रुपए का सालाना पैकेज मिला था। उन्हें नौ महीने के लिए यह पैकेज मिला था क्योंकि वह जुलाई, 2020 में विप्रो से जुड़े थे। डेलपोर्ट को वित्त वर्ष 2022 में वेतन और अलाउंसेज के रूप में 13.2 करोड़ रुपए, कमीशन और वेरिएबल पे के रूप में 19.3 करोड़ रुपए और दूसरे भत्तों के रूप में 31.8 करोड़ रुपए मिले। बाकी राशि लॉन्ग टर्म कंपनसेशन या डेफर्ड बेनिफिट्स के रूप में थी। उनके पैकेज में वन टाइम कैश अवॉर्ड जैसे कंपोनेंट्स भी शामिल थे। पेरिस में रहने वाले डेलपोर्ट जुलाई 2020 में विप्रो से जुड़े थे और सीधे कंपनी के चेयरमैन रिशद प्रेमजी को रिपोर्ट करते हैं। उससे पहले वह कैपजेमिनी ग्रुप के सीईओ थे। डेलपोर्ट देश के आईटी सेक्टर में सबसे ज्यादा वेतन पाने वाले एग्जीक्यूटिव हैं। इन्फोसिस के सीईओ को वित्त वर्ष 2022 में 71 करोड़ रुपए का पैकेज मिला था जो पिछले वित्त वर्ष से 43 फीसदी अधिक था। देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टीसीएस के सीईओ राजेश गोपीनाथन को इस दौरान 25.77 करोड़ रुपए मिले जो पिछले वित्त वर्ष से 27 फीसदी अधिक हैं।

# सेबी ने रोज वैली के डीमैट खातों को कुर्क करने का आदेश दिया



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** बाजार नियामक सेबी ने रोज वैली होटल्स एंड एंटरटेनमेंट लिमिटेड और उसके तत्कालीन निदेशकों के बैंक खातों के साथ ही के शेयर और म्यूचुअल फंड होल्डिंग को कुर्क करने का आदेश दिया। सेबी ने निवेशकों के कुल 5,000 करोड़ रुपए से अधिक के बकाया की वसूली के लिए यह आदेश दिया। इससे पहले रोज वैली और उसके निदेशक निवेशकों को उनका धन वापस करने के लिए सेबी के निदेर्शों का पालन करने में विफल रहे थे। इसके बाद नियामक ने यह आदेश दिया।

# एसजेवीएन के साथ एक संयुक्त उद्यम लगाएगी असम सरकार

SJVN
Satluj Jal Vidyut Nigam Ltd

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** सार्वजनिक क्षेत्र की एसजेवीएन ने कहा कि असम सरकार राज्य में नवीकरणीय परियोजनाओं के लिए उसके साथ एक संयुक्त उद्यम स्थापित करने को लेकर तैयार है। कंपनी ने कहा कि असम सरकार ने राज्य में चरणबद्ध तरीके से 5,000 मेगावॉट की बिजली परियोजना की संभावनाओं को तलाशने का अवसर भी दिया है। इस संबंध में एसजेवीएन के निदेशक (वित्त) अखिलेश्वर सिंह और कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक राजेश गुप्ता ने गुवाहाटी में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा से मुलाकात की। इस बैठक में असम के मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव समीर कुमार सिन्हा और बिजली विभाग के प्रमुख सचिव नीरज वर्मा भी शामिल थे। कंपनी ने कहा कि बैठक के दौरान सौर परियोजना, फ्लोटिंग सोलर, बैटरी भंडारण और पायलट हाइड्रोजन संयंत्र के विकास पर विचार-विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री ने जल और नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के विकास के लिए एसजेवीएन के साथ एक संयुक्त उद्यम के गठन में अपनी रुचि के बारे में भी बताया।

# फॉक्सवैगन ने मध्यम आकार की सेडान वर्टस उतारी




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** जर्मनी की वाहन कंपनी फॉक्सवैगन इंडिया ने भारतीय बाजार में अपनी मध्यम आकार की सेडान कार वर्टस को उतारा है। इसकी शुरूआती शोरूम कीमत 11.21 लाख रुपए है। कंपनी की सेडान श्रृंखला की नई मध्यम आकार की कार घरेलू बाजार में होंडा सिटी, मारुति सियाज, हुंदै वरना और स्कोडा स्लाविया को टक्कर देगी। यह कार कंपनी के एमक्यूबी ए0 इन मंच पर आधारित है। वर्टस को पुणे के चाकण संयंत्र में बनाया गया है। समूह की भारत 2.0 परियोजना के तहत वर्टस दूसरा उत्पाद है। यह गाड़ी एक लीटर और 1.5 लीटर टीएसआई पेट्रोल पावरट्रेन में उपलब्ध होगी। एक-लीटर वाले ट्रिम की शोरूम कीमत 11.21 लाख रुपए से 15.71 लाख रुपए के बीच है। जबकि एकल 1.5-लीटर संस्करण की कीमत 17.91 लाख रुपए है।

# बीएमडब्ल्यू जल्द पेश करेगी किफायती स्पोर्ट्स बाइक, केटीएम आरसी 390 को देगी टक्कर




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** वाहनों के लग्गजरी ब्रांड बीएमडब्ल्यू जल्द ही देश में अपनी किफायती बाइक उतारने जा रही है। कंपनी अपनी इस नई बाइक से अगले महीने यानी 15 जुलाई को पर्दा उठाएगी। हालांकि, कंपनी की तरफ से बाइक की ज्यादा जानकारी शेयर नहीं की गई है, लेकिन आगामी बाइक का टेल लैंप के साथ एक फोटो टीजर शेयर किया है। फोटो टीजर से अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस बाइक डिजाइन टीवीएस अपाचे आरआर 310 की तरह हो सकता है। यह बाइक बीएमडब्ल्यू के जी 310 जीएस और जी 310 आर के साथ मंच शेयर करती है। बीएमडब्लू द्वारा तैयार की गई टीजर इमेज में बाइक की विंडस्क्रीन, मिरर और यहां तक कि पिलर ग्रैब रेल की एक झलक भी दिखाई देती है, जो टीवीएस के सुपरस्पोर्ट की याद दिलाती है। दिए गए विवरण के साथ यह मान लेना सही होगा कि नई बाइक अपाचे आरआर310 का रीवैज वेरएंट हो सकती है। हालांकि, यह कुछ स्पोर्ट्स बाइक पसंद करने वाले लोगों को निराश कर सकता है। टीवीएस अपाचे आरआर310 को करीब पांच साल पहले लॉन्च किया गया था। इस दौरान इसे कई अपडेट के साथ रिलॉन्च किया जा चुका है। कहने की जरूरत नहीं है कि मोटरसाइकिल अपनी कैटेगरी में सबसे ज्यादा फीचर्स से लैस और बेहतरीन बाइक में से एक बन गई है। कुछ महीने पहले कंपनी ने बीटीओ के लॉन्च के साथ पूरी फुली एडजस्टेबल सस्पेंशन और स्पोर्टियर एर्गोनॉमिक्स का ऑप्शन भी जोड़ा था। जहां तक आने वाली बाइक की कीमत बात की है तो आरआर 310 के बीएमडब्ल्यू वेरिएंट की कीमत करीब 2.90 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) के करीब हो सकती है। इसे बीएस 6-अनुपालन जी 310 आर (2.65 लाख) और जी 310 जीएस (3.05 लाख) के बीच सही बैठेगी। यह 2022 केटीएम आरसी 390 की को टक्कर देगी, इसकी कीमत वर्तमान में 3.13 लाख रुपये (सभी कीमतें एक्स-शोरूम) है।

## दैनिक पंचांग

**11 जून 2022 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 05.35 बजे से |
| चंद्र | तुला में | कर्क | 07.48 बजे से |
| मंगल | मीन में | सिंह | 10.04 बजे से |
| बुध | वृष में | कन्या | 12.16 बजे से |
| गुरु | मीन में | तुला | 14.27 बजे से |
| शुक्र | मेष में | वृश्चिक | 16.42 ब.से |
| शनि | कुंभ में | धनु | 18.58 बजे से |
| राहु | मेष में | मकर | 21.03 बजे से |
| केतु | तुला में | कुंभ | 22.49 बजे से |
| | | मीन | 00.22 बजे से |
| **राहुकाल** 9.00 से 10.30 बजे तक | | मेष | 01.53 बजे से |
| | | वृष | 03.33 बजे से |

**शनिवार** 2022 वर्ष का 162 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2079 **शक संवत्** 1944 **मास** ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल **तिथि** एकादशी 05.46 बजे प्रात: तदनन्तर द्वादशी 03.24 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** स्वाती 02.05 बजे रात्र को समाप्त। **योग** परिघ 20.46 बजे को समाप्त। **करण** विष्टि 05.46 बजे, बव 16.40 बजे तदनन्तर बालव 03.24 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 11.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 04' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871276 **जूलियन दिन** 2459741.5 **कलियुग संवत्** 5123 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2548 **हिजरी सन्** 1443 **महीना** जिल्काद **तारीख** 11 **विशेष** गौण निर्जला एकादशी, वैष्णव निर्जला एकादशी, गायत्री जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 | से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 | से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 | से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 | से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 | से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 | से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 | से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 | से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 | से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 | से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 | से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 | से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 | से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 | से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 | से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 | से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# भारतीय कार बाजार में स्कोडा जल्द पेश करेगी इलेक्ट्रिक कार

**-एक बार चार्ज करने पर चला दौड़ेगी 460 किमी**




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** भारतीय के कार बाजार में मशहूर कार कंपनी स्कोडा जल्द ही नई इलेक्ट्रिर कार उतारने वाली है। इस कार नाम स्कोडा एनयायक 4 इलेक्ट्रिक एसयीवी है। इसे पहली बार भारतीय सड़कों पर टेस्टिंग के दौरान देखा गया है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि कंपनी भारत में जल्द ही इसे उतार सकती है। हाल ही में किआ ने ईवी6 इलेक्ट्रिक क्रॉसओवर लॉन्च किया है। टेस्टिंग के दौरान बिना किसी कवर के देखी गई एनाक 4 का टॉप 80 गुणा इलेक्ट्रिक वेरिएंट थी। यह वोक्सवैगन के एमईबी प्लेटफॉर्म पर बेस्ड है, जिसे इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है और इसे ऑडी क्यू4 ई-ट्रॉन और वोक्सवैगन आईडी4 के साथ भी शेयर किया गया है। एनाक 4 की लंबाई 4,648 मिमी, चौड़ाई 1,877 मिमी और ऊंचाई 1,616 मिमी है। इसका मतलब है कि एनाक 4 स्कोडा ऑक्टेविया से थोड़ी छोटी है। नई इलेक्ट्रिक कार में 77 किलोवाट बैटरी पैक के साथ लॉन्च किया जा सकता है। जिसे डीसी फास्ट चार्जर से सिर्फ 125 किलोवाट तक फास्ट-चार्ज किया जा सकता है। यह इलेक्ट्रिक कार ऑल-व्हील-ड्राइव ऑप्शन के साथ आएगी। कंपनी का दावा है कि इसे एक बार चार्ज करने पर 460 किमी तक बिना रुके चलाया जा सकता है। यह कार 6।9 सेकेंड में 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ लेती है। हाल ही में स्कोडा ने सिल्विया मिड-साइज सेडान की कीमत बढ़ा दी है। हैरानी की बात यह है कि इसे केवल तीन महीने पहले ही लॉन्च किया गया है। मॉडल के हिसाब से स्लाविया की कीमत में 60,000 रुपये तक की बढ़ोतरी हुई है। इसका मतलब यह है कि कार को काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। 28 फरवरी को स्कोडा ने स्लाविया के 1.0-लीटर वेरिएंट को 10.69 लाख (एक्स-शोरूम) की कीमत पर लॉन्च किया था। बेस वेरिएंट की कीमत 30,000 रुपये बढ़ गई है और अब इसकी कीमत 10.99 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) होगी। स्लाविया का टॉप मॉडल 1.5-लीटर टीएसआई ऑटोमैटिक वेरिएंट अब 17.79 लाख रुपये की बजाय 18.39 लाख (एक्स-शोरूम) की कीमत पर आएगा।

## आज का राशिफल

आज का भाग्य

**शुभ संवत 2079, शाके 1944, सौम्य गोष्ठ, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, ग्रीष्म ऋतु, गुरु उदय पूर्वे तथा शुक्रोदय पूर्वे तिथि द्वादशी, शनिवासरे, स्वाति नक्षत्रे, वलयोगे, कौरव करणे, तुला की चंद्रमा, भद्रा सुबह 7/18 सर्वार्थ सिद्धयोग, पश्चिम दिशा की यात्रा शुभ तथा उत्तम होगी।**

**आज जन्म लिए बालक का फल........**

**आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, उत्तम वृत्ति वाला, शिक्षक-शिक्षाविद्, प्रोफेसर, प्रिंसपल होगा।**

**मेष राशि :- आशानुकूल सफलता से संतोष तथा कुछ सफलता के साधन बनेंगे, ध्यान रखें।**
**वृष राशि :- समय आराम से बीतेगा, व्यवसायिक क्षमता का ध्यान अवश्य ही रखें।**
**मिथुन राशि :- अधिकारियों का समर्थन फलप्रद रहेगा किन्तु इष्ट-मित्रों से परेशानी होगी।**
**कर्क राशि :- इष्ट-मित्र सुखवर्धक होंगे, कुटुम्ब की समस्यायें सुलझेंगी, धैर्य से कार्य करेंगे।**
**सिंह राशि :- प्रतिष्ठा वृद्धि एवं बड़े लोगों से मेल-मिलाप होगा, स्थिति हर्षप्रद बनी रहेगी।**
**कन्या राशि :- संघर्ष से सफलता मिलेगी, संतोष होगा, व्यवसायिक क्षमता में अनुकूलता बनी रहेगी।**
**तुला राशि :- मान-प्रतिष्ठा एवं प्रभुत्व में वृद्धि होगी, कार्यक्षमता बढ़ेगी, समाज में प्रतिष्ठा के योग बनेंगे।**
**वृश्चिक राशि :- सामाजिक कार्यो में सुधार, कार्य गति में अनुकूलता, इष्ट-मित्र सुखवर्धक होंगे।**
**धनु राशि :- अचानक कोई शुभ समाचार प्राप्ति से कार्य में सुधार होगा, समय का उपयोग करें।**
**मकर राशि :- स्थिति यथावत रहेगी, सोचे कार्य समय पर बनेंगे, कार्य पूर्ण हो जायेंगे।**
**कुंभ राशि :- इष्ट-मित्र सुखवर्धक होंगे, शरीर कष्ट, चिन्ता, असमंजस की स्थिति बनेगी।**
**मीन राशि :- इष्ट-मित्र सहायक रहेंगे, दैनिक कार्यगति अनुकूल बनी रहेगी, ध्यान दें।**

# बेल्जियम के खिलाफ टीम का ध्यान अपने कौशल को क्रियान्वित करने पर होगा : अमित रोहिदास



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम 11 और 12 जून को एंटवर्प के स्पोर्टसेंट्रम विल्रिजक्स प्लेन में एफआईएच हॉकी प्रो लीग के डबल हेडर मैच में ओलंपिक चैंपियंस बेल्जियम का सामना करेगी। बेल्जियम के खिलाफ मुकाबले से पहले भारतीय टीम के कप्तान अमित रोहिदास ने कहा कि उनकी टीम का ध्यान अपने कौशल को क्रियान्वित करने पर होगा। भारतीय टीम एफआईएच हॉकी प्रो लीग में वर्तमान में 12 मैचों में 27 अंकों के साथ पूल टेबल में दूसरे स्थान पर है। स्पेन के खिलाफ 5-4 से जीत और 3-5 की हार के साथ अपने घरेलू चरण की शुरूआत करने के बाद, भारतीय टीम ने अर्जेंटीना (2-2 (1-3 शूट आउट और 4-3 ), इंग्लैंड (3-3 (3-2 शूट आउट और 4-3) और जर्मनी (3-0 और 3-1) के खिलाफ मैच अंक हासिल किए हैं। मेजबान बेल्जियम के खिलाफ डबल हेडर मुकाबले से पहले भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान अमित रोहिदास ने कहा, "हमने एक सफल होम लेग किया है, और मुझे कहना होगा कि हम सीजन में अब तक मजबूती से आगे बढ़े हैं। यह एफआईएच हॉकी प्रो लीग का सबसे महत्वपूर्ण चरण होगा। हम उनके घर पर दो मजबूत टीमों का सामना करेंगे, इसलिए यह चुनौतीपूर्ण होगा। हमें अपने आत्मनिरीक्षण के लिए साई, बेंगलुरु में राष्ट्रीय शिविर में भी अच्छा समय मिला है प्रदर्शन। संरचना से लेकर फिनिशिंग तक, हमने खेल के सभी पहलुओं पर काम किया है। योजना यह होगी कि हमने प्रशिक्षण में जो किया है उसे बस दोहराएं।" इस बीच, उप-कप्तान हरमनप्रीत ने कहा, "यह अब तक एक शानदार सीजन रहा है। कई युवा खिलाड़ियों को शीर्ष टीमों के खिलाफ खेलने का मौका मिला है और वे प्रत्येक मैच के साथ विकसित हुए हैं। हम एक अच्छी स्थिति में हैं, और हमारा ध्यान इस पर होगा होम लेग से हमने जो लय हासिल की है, उसे आगे बढ़ाइए।" पिछली बार दोनों टीमों का सामना टोक्यो ओलंपिक 2020 सेमी-फाइनल के दौरान हुआ था जहाँ भारत 2-5 से हार गया था और बेल्जियम ने ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता था। अमित ने कहा, "यह अब अतीत हो गया है और यह एक अलग चरण है। बेशक, हमारा लक्ष्य दोनों मैच जीतकर खुद को अंक तालिका में मजबूत स्थिति में लाना होगा, लेकिन इसके लिए हमें अच्छी हॉकी खेलनी होगी। हमारा ध्यान अपने कौशल को क्रियान्वित करने पर होगा।" बता दें कि एफआईएच प्रो लीग में बेल्जियम के भी 12 मैचों में 27 अंक हैं, लेकिन भारत की तुलना में कम गोल अंतर के कारण बेल्जियम की टीम पूल टेबल में तीसरे स्थान पर है।

# मिलर और डूसन का कारनामा, टी-20 क्रिकेट में चौथे विकेट के लिए की दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारत के खिलाफ यहां अरूण जेटली स्टेडियम में खेले गए पहले टी-20 मुकाबले में मैच जिताऊ पारी खेलने वाले दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज रासी वैन डेर डूसन और डेविड मिलर ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली है। इन दोनों ने 212 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए चौथे विकेट के लिए 131 रन की नाबाद मैच जिताने वाली साझेदारी की, जो टी20 अंतराराष्ट्रीय क्रिकेट में (केवल पूर्ण सदस्य पक्ष) चौथे विकेट की दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी बन गई। डूसन ने 46 गेंदों में नाबाद 75 रन बनाए, जबकि मिलर ने 31 गेंदों में नाबाद 64 रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका को सात विकेट से जीत दिलाई। डेविड वार्नर और ग्लेन मैक्सवेल के नाम टी-20 क्रिकेट में चौथे विकेट के लिए सर्वोच्च साझेदारी का रिकॉर्ड दर्ज है। दोनों ने वर्ष 2016 में जोहान्सबर्ग में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 205 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 161 रन की साझेदारी की थी। वार्नर ने 40 गेंदों में 77 रन और मैक्सवेल ने 43 गेंदों में 75 रन बनाए थी। साथ ही भारत के खिलाफ 212 रनों के लक्ष्य का पीछा करने के बाद, दक्षिण अफ्रीका ने खेल के सबसे छोटे प्रारूप में अपना अब तक का सबसे बड़ा रन-चेज पूरा किया। दक्षिण अफ्रीका ने इससे पहले जोहान्सबर्ग में 2007 टी 20 विश्व कप में वेस्टइंडीज के खिलाफ 206 रनों के लक्ष्य का पीछा किया था। अफ्रीकी टीम ने 2015 और 2018 में टीम इंडिया के खिलाफ क्रमशः 200 और 189 रनों के योग का पीछा किया था। मैच की बात करें तो इस मुकाबले में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका के सामने 212 रनों का लक्ष्य रखा था। जवाब में मिलर और डूसन की नाबाद अर्धशतकीय पारियों की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने 19.1 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। मिलर ने 31 गेंदों पर नाबाद 64 रन बनाए, उन्होंने चार चौके और पांच छक्के लगाए, वहीं डूसन ने 46 गेंदों पर सात चौके और पांच छक्कों की बदौलत 75 रन बनाए।

**रासी वैन डेर डूसन ने आईपीएल को दिया अपनी सफलता का श्रेय -** भारत के खिलाफ यहां खेले गए पहले टी-20 मुकाबले में 75 रनों की नाबाद पारी खेलने वाले दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज रासी वैन डेर डूसन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को अपनी सफलता का श्रेय दिया। डूसन ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, "मैंने बहुत सारे आईपीएल मैच देखे हैं, मुझे खेलने का ज्यादा मौका नहीं मिला है, लेकिन इस बात का बहुत अच्छा अंदाजा था कि भारतीय गेंदबाज ऐसी परिस्थितियों में क्या करेंगे।" डूसन ने 46 गेंदों में नाबाद 75 रनों की पारी खेली, जबकि डेविड मिलर ने 31 गेंदों में नाबाद 64 रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका को ऐतिहासिक जीत दिलाई। ।33 वर्षीय डूसन इस साल आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की टीम का हिस्सा थे और उन्होंने संजू सैमसन की अगुवाई वाली टीम के लिए तीन मैच खेला था। उन्होंने कहा, "मैंने यहां दो महीने बिताए, परिस्थितियों में रहा, गर्मी में रहा, इसलिए मैं यहां के वातावरण में ढल गया, इससे पहले मैच में अनुकूलन करने में मदद मिली।" इसके अलावा, डूसन ने डेविड मिलर की प्रशंसा करते हुए कहा कि कहा कि इन-फॉर्म बाएं हाथ के बल्लेबाज ने धीमी शुरूआत के बाद उन पर से दबाव कम करने में मदद की। बता दें कि मिलर ने भारतीय गेंदबाजों की जमकर खबर ली। उन्होंने भारतीय स्पिनरों, विशेष रूप से अक्षर पटेल को निशाना बनाया और केवल 31 गेंदों में नाबाद 64 रनों के साथ अपनी धमाकेदार पारी का समापन किया। डूसन ने कहा, "डेविड ने आईपीएल से सीधे इस खेल में अपना फॉर्म लाया। उन्होंने गेंदबाजों को शुरू से ही दबाव में रखा।" उन्होंने कहा, "उन्होंने शानदार पारी खेली और मुझे मेरी पारी के उस कठिन दौर से बाहर निकालने में भी मदद की। एक बार जब उन्होंने लगातार छक्के लगाए, तो हमारी गति बदल गई।" बता दें कि इस जीत के साथ ही दक्षिण अफ्रीका ने पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है।

# रोहित-राहुल अब भी सलामी बल्लेबाज के तौर पर मेरी पहली पसंद : ईशान



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दिल्ली में हुए पहले टी20 क्रिकेट मुकाबले में 76 रन बनाने वाले ईशान किशन ने कहा है कि सलामी बल्लेबाज के तौर पर उनकी पहली पसंद अब भी रोहित शर्मा और लोकेश राहुल की जोड़ी है। साथ ही कहा कि इनकी जगह स्वयं को सलामी बल्लेबाज के तौर पर वह नहीं देखते हैं। ईशन ने कहा, रोहित-राहुल विश्व स्तर के खिलाड़ी हैं। वो अगर टीम में होंगे, तो मैं उनकी जगह उतरने के बारे में नहीं कहूंगा। मेरा काम अभ्यास सत्र में बेहतर से बेहतर प्रदर्शन करना रहेगा। जब भी मुझे अवसर मिलेगा, तो मुझे अपने को साबित करने के साथ टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करना होगा। इसलिए मेरा पूरा ध्यान मेरे खेल पर है। मैं इस बात पर ध्यान दे रहा हूं कि मुझे क्या करना होगा। इस भारतीय बल्लेबाज ने साथ ही कहा, रोहित और राहुल ने हमारे देश के लिए इतने रन बनाए हैं, मैं उनसे यह नहीं कह सकता कि वो स्वयं टीम से बाहर हो जाएं और मुझे पहली पसंद के सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतरने दे। इस्की जगह मुझे अपना काम करते रहना होगा। यह चयनकताओं और कोच पर निर्भर करता है कि वो क्या सोचते हैं? मेरा काम है कि अवसर मिलने पर बेहतर प्रदर्शन किया जाये। ईशान के लिए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 में 76 रन की पारी खेलना आसान नहीं रहा। शुरूआती कुछ ओवर में गेंद तेजी से बाहर आ रही थी और स्पिन गेंदबाजों को भी अच्छी सहायता मिल रही थी।

# विलियमसन दूसरे टेस्ट से बाहर हुए, लैथम करेंगे कप्तानी

**हामिश टीम में शामिल**



**नॉटिंघम (ईएमएस)।** यहां आज से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच से पहले ही मेहमान टीम न्यूजीलैंड को करारा झटका लगा है। कीवी टीम के कप्तान केन विलियमसन कोरोना संक्रमण के कारण टीम से बाहर हो गये हैं। विलियमसन में गुरुवार को ही हल्के लक्षण नजर आए थे जिसके बाद उनका रैपिड एंटीजन टेस्ट हुआ था। अब इसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। अब वह कम से कम पांच दिनों तक के लिए पृथकवास में रहेंगे। वहीं न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने विलियमसन के बाहर होने की पुष्टि की है। विलियमसन की जगह पर हामिश रदरफोर्ड को न्यूजीलैंड टीम में शामिल किया गया है जबकि टीम की कप्तानी टॉम लैथम करेंगे। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा, मैच से ठीक पहले विलियमसन का बाहर होना दुख की बात है। हम सभी इससे निराश है। उनकी जगह शामिल हामिश पहले दौरे में टेस्ट टीम के साथ थे और अभी वाइटैलिटी टी 20 ब्लास्ट में लीसेस्टरशर फॉक्स की ओर से खेल रहे हैं।

# खेल को बेहतर ढंग से समझने काफी मेहनत करनी पड़ी : मिलर



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज डेविड मिलर ने कहा है कि विश्वास एक ऐसी चीज है जिसने उनका करियर बदल गया है। भारत के खिलाफ पहले टी20 में मिली जीत में भी मिलर और रासी वेन ने अहम भूमिका निभाई थी। इस बल्लेबाज ने कहा, मुझे पिछले कुछ साल में अपने खेल को बेहतर ढंग से समझने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ी। जब आप लक्ष्य का पीछा कर रहे होते हैं तो दो खिलाड़ियों की जरूरत होती है। रासी ने टीम इंडिया के खिलाफ कुछ बड़े ओवरों के साथ दूसरे छोर पर शानदार प्रदर्शन किया था। मैंने उनसे यही कहा कि टिककर खेलने का प्रयास करो। विश्वास एक ऐसी चीज है जिसने मेरे करियर को बदल दिया है। ज्यादा से ज्यादा मैच जीतने और अधिक निरंतरता से मनोबल बढ़ता है। मैं किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी के लिए तैयार हूं। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 206 रनों का लक्ष्य वेस्टइंडीज के खिलाफ साल 2007 में हासिल किया था। भारत के खिलाफ भी लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की यह सबसे बड़ी जीत है।

# बेल्जियम और नीदरलैंड के खिलाफ होने वाले प्रो लीग मुकाबले अहम रहेंगे : रीड



**बेंगलुरू (ईएमएस)।** भारतीय पुरूष हॉकी टीम के मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा है कि अगले माह होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों को देखते हुए हमारे लिए बेल्जियम और नीदरलैंड के खिलाफ होने वाले प्रो लीग मैच बेहद अहम हैं। इससे हमारी तैयारी बेहतर होगी। भारतीय टीम को एफआईएच प्रो लीग के मैचों के अगले दौर में मेजबान बेल्जियम 11 और 12 जून और नीदरलैंड 18 और 19 जून के खिलाफ खेलना है। रीड ने हॉकी इंडिया के एक बयान में कहा कि राष्ट्रमंडल खेलों के लिए अब दो महीने से भी कम समय बचा है, हम इस समय का इस्तेमाल यह तय करने के लिए करेंगे कि हम इस प्रतिष्ठित टूनार्मेंट के लिए सर्वश्रेष्ठ रूप से तैयार हों। वहीं प्रो लीग मैचों से हमें उन क्षेत्रों की जानकारी मिलेगी जिसमें राष्ट्रमंडल खेलों से पहले सुधार की जरूरत है। हम जून के अंतिम हफ्ते में राष्ट्रमंडल खेलों के लिए राष्ट्रीय शिविर लगाएंगे। कोच के अनुसार सभी खिलाड़ी काफी सकारात्मक हैं। बेल्जियम और नीदरलैंड में अच्छा करके हमें जुलाई में राष्ट्रमंडल खेलों के लिए लय हासिल होगी। इसके साथ ही एशिया कप की टीम भी अच्छा कर रही है जिससे खिलाडियों की गहराई बढ़ी ही है और बड़े टूर्नामेंट के लिए टीम चयन की प्रक्रिया और कठिन हो गयी है।

# हार्दिक भविष्य में बन सकते हैं कप्तान : वॉटसन



**सिडनी (ईएमएस)।** ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज क्रिकेटर शेन वॉटसन ने ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह भविष्य में भारतीय टीम के कप्तान बन सकते हैं। वॉटसन ने कहा कि हार्दिक की नेतृत्व क्षमता आईपीएल में नजर आयी थी। वह सबसे अलग और शांत स्वभाव के थे। उन्होंने मैदान पर बल्लेबाजी या गेंदबाजी करते जो कुछ भी हासिल किया वह उसे खुश दिखे। हार्दिक को लंबे समय बाद वापसी करते हुए एक नई टीम में जाना, नंबर 4 पर बल्लेबाजी करना और अपना कौशल दिखाने का यह अच्छा अवसर मिला था। जिसका उन्होंने पूरा लाभ उठाया। वहीं अगर वह मुम्बई के साथ होते तो इतनी क्षमताएं नहीं दिखा पाते। वॉटसन ने कहा, यह उनके लिए एक अविश्वसनीय अवसर है और भारतीय क्रिकेट के लिए यह जानना एक अविश्वसनीय बात है कि उनके पास एक अच्छा ऑलराउंडर है हालांकि भारत के पास विकल्पों की कमी नहीं है। लोकेश राहुल, ऋषभ पंत और श्रेयस अय्यर भी कप्तानी के दावेदार हैं पर आईपीएल में मैंने देखा कि गुजरात के लिए बतौर कप्तान उन्होंने जो किया वह विशेष है। वॉटसन ने साथ ही कहा कि ऐसा लग रहा था कि वह मानसिक रूप से भी कप्तान होने के दबाव को झेलने में सक्षम था। वह गेंदबाजी में भी अच्छा कर रहा है।

# आवेश का एक ओवर टीम इंडिया पर भारी पड़ा



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** युवा तेज गेंदबाज आवेश खान का एक ओवर टीम इंडिया पर भारी पड़ा है। इसी कारण भारतीय टीम को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले ही टी20 मुकाबले में सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट पर 211 रन बनाये। इसके बाद मेहमान टीम दक्षिण अफ्रीका ने 3 विकेट खोकर ही यह लक्ष्य हासिल कर लिया। इस मैच में भारतीय टीम जीत की ओर बढ़ रही थी तभी आवेश के एक ओवर में दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज रासी वेन का बल्ला दो हिस्सों में टूट गया। इसका कारण रासी को नया बल्ला मिला जिससे इस बल्लेबाज ने एक से बढ़कर एक शॉट खेलकर अपनी टीम को जीत दिला दी। रासी ने बल्ला बदलने के बाद 17वें ओवर में हर्षल पटेल की गेंदों को जमकर पीटा। रासी ने 46 गेंद में नाबाद 75 रन बनाये। उन्होंने बल्ला टूटने के बाद अगली 20 गेंद में 200 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 53 रन बना दिये। इस प्रकार उन्होंने चौथे विकेट के लिए डेविड मिलर के साथ 64 गेंद में नाबाद 131 रन की साझेदार कर अपनी टीम को जीत दिला दी।



कनाडाई ओपन गोल्फ में खेलते हुए रॉरी मैकलरॉय।

(फोटो-ईएमएस)

# हसनैन को आईसीसी ने दी राहत

**कराची (ईएमएस)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान के युवा तेज गेंदबाज मोहम्मद हसनैन के गेंदबाजी एक्शन को सही करार देते हुए कहा है कि वह हर स्तर पर गेंदबाजी कर सकते हैं। आईसीसी के इस फैसले से हसनैन को बड़ी राहत मिली है। इससे पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा कि हसनैन का गेंदबाजी एक्शन वैध पाया गया है और फिर से हुई जांच में भी उनकी कोहनी आईसीसी के वैध गेंदबाजी नियमों के अंतर्गत 15 डिग्री के अंदर मुड़ी पाई गई। पीसीबी ने कहा, इसलिए वह अब क्रिकेट के सभी प्रारूपों में गेंदबाजी करेंगे जिसमें विश्व स्तर पर घरेलू क्रिकेट भी शामिल है।' गौरतलब है कि इससे पहले हसनैन के गेंदबाजी एक्शन पर ऑस्ट्रेलियाई बिग बैश लीग में सवाल उठाये गये थे और उन्हें गेंदबाजी से रोक दिया गया था क्योंकि वह आईसीसी की निगरानी में हुए समीक्षा परीक्षण में गेंदबाजी एक्शन में नाकाम रहे थे।

# सुनील छेत्री के बिना खेलना सीखे भारतीय फुटबॉल टीम : इगोर स्टिमक



**कोलकाता (ईएमएस)।** भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने कहा है कि टीम को स्टार स्ट्राइकर सुनील छेत्री के बिना ही खेलने की आदत होनी चाहिये। कोच के अनुसार कप्तान छेत्री अब 37 साल के हैं और अपने करियर के अंतिम पड़ाव में हैं पर अभी भी भारतीय टीम इसी खिलाड़ी पर निर्भर बनी हुई है। स्टिमक ने कहा कि अब समय आ गया है जब युवा खिलाड़ी जैसे उदांता सिंह, मनवीर सिंह, आशिक कुरूनियान, सहल अब्दुल समद और लिस्टन कोलासो को गोल करना शुरू करना होगा। स्टिमक ने कहा, कंबोडिया के खिलाफ फिर कप्तान ने ही गोल किये। अन्य ने भी गोल करने के प्रयास किये पर सफल नहीं रहे। इसलिये मेरा कहना है कि अब लिस्टन, मनवीर, उदांता, आशिक और सहल गोल करें। उन्होंने कहा, इन सभी को गोल करना शुरू करना होगा। हमें सीखना शुरू करना होगा। बिलकुल सरल बात है , खिलाड़ियों को छेत्री के बिना खेलना सीखना शुरू करने की जरूरत है। स्टिमक ने कहा कि उदांता और आशिक अग्रिम पंक्ति में टीम के दो मुख्य खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा, क्लब में वो भले ही कैसा भी खेलते हों, लेकिन मैं उन्हें भारतीय टीम में तेजी से खेलते हुए देखना चाहूंगा जिससे वे प्रतिद्वंद्वी को नुकसान पहुंचा सकें जो इसलिये मजबूत होते हैं क्योंकि हमारे पास चुनने के लिये खिलाड़ियों का बड़ा पूल नहीं है। भारतीय कप्तान छेत्री ने कहा कि टीम के आक्रामक खेल दिखाने वाले खिलाड़ी कम रैंकिंग वाली कंबोडिया पर जीत में बेहतर प्रदर्शन कर सकते थे। छेत्री के दो गोल से टीम जीत दर्ज करने में सफल रही और इसकी बदौलत ग्रुप डी में गोल अंतर के मामले में हांगकांग से ऊपर पहुंच गयी।

# राष्ट्रपति ने मां वैष्णो देवी के दरबार में माथा टेका, देश की खुशहाली के लिए मांगी दुआ



**कटड़ा, (हि.स.)।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शुक्रवार सुबह करीब 10.00 बजे पत्नी के साथ मां वैष्णो देवी के पिंडी स्वरूपों को नमन किया। उन्होंने मां के दरबार में माथा टेककर देश के लिए सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। प्राकृतिक पिंडियों के समक्ष उन्होंने विशेष आरती भी की। इससे पहले वर्ष 2018 के अप्रैल माह में राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द मां वैष्णो देवी के दर्शन के लिए आये थे। राष्ट्रपति शुक्रवार को सुबह पत्नी सविता कोविंद के साथ विशेष हेलीकॉप्टर से सांझी छत स्थित पंछी हैलीपैड पहुंचे। वहां से भवन तक डेढ़ किलोमीटर का सफर बैटरी कार से तय किया। कुछ समय लक्ष्मी भवन में स्थित वीवीआईपी रेस्ट हाउस में विश्राम करने के बाद 10.00 बजे वह प्राकृतिक पिंडियों के समक्ष पहुंचे। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद तथा उनकी धर्मपत्नी ने मां वैष्णो देवी के चरणों में हाजिरी लगाकर विशेष पूजा-अर्चना की और देश में सुख-समृद्धि की कामना की।

इसके बाद वैष्णो देवी भवन पर रोपवे यानी पैसेंजर केबल कार में सवार होकर भैरव घाटी रवाना हुए और बाबा भैरवनाथ के चरणों में हाजिरी लगाई। इसके बाद राष्ट्रपति वापस बैटरी कार मार्ग से पंछी हेलीपैड पहुंचे और जम्मू के लिए रवाना हो गए, जहां से वह दिल्ली रवाना हो जाएंगे। उनके साथ उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, डिवीजनल कमिश्नर जम्मू रमेश कुमार, श्राइन बोर्ड के सीईओ अंशुल गर्ग सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने मां वैष्णो देवी की विशेष चुनरी के साथ ही प्रसाद तथा मां वैष्णो देवी का चित्र भेंट किया। साथ ही राष्ट्रपति ने विजिटर बुक पर अपने अनुभव साझा किए। राष्ट्रपति जब मां के दरबार में दर्शन कर रहे थे तो कुछ समय के लिए आम यात्रियों के दर्शन का सिलसिला रोक दिया गया। दूसरी ओर राष्ट्रपति के आगमन को लेकर श्रद्धालुओं के लिए कटड़ा से जारी हेलीकॉप्टर सेवा को भी कुछ देर के लिए स्थगित रखा गया। इससे पहले गुरुवार को राष्ट्रपति के जम्मू पहुंचने पर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा व जेएमसी मेयर चंद्र मोहन गुप्ता ने जम्मू हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया था। इसके बाद वह राजभवन के लिए रवाना हो गए थे। शाम को राष्ट्रपति आईआईएम जम्मू के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जिसमें 214 विद्यार्थियों को डिग्रियां दी गई। इसमें 77 लड़कियां शामिल थीं तथा तीन को गोल्ड मेडल भी प्रदान किए गए।

## भाजपा कार्यालय जीता जागता पार्टी का संस्कार केन्द्रः जेपी नड्डा

**-जातिवाद भाई भतीजावाद राजनीति के पर्यायवाची बन गये थे**



**गोरखपुर, (हि.स.)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि यह कार्यालय जीता जागता पार्टी का संस्कार केन्द्र है। यह योजना बनाने वाला केन्द्र है। हमारा कार्यालय हमेशा खुला रहता है और कार्यकताओं के लिए खड़ा रहता है। इसका उपयोग करते हुए पार्टी को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि एक समय था हमारे पास कार्यालय नहीं होते थे। हम किराये पर जगह लेकर कार्यालय खोलते थे। आज मुझे खुशी हो रही है कि देश में 230 कार्यालय बन कर तैयार हो गये हैं। यूपी में 72 कार्यालय बनने थे यहां 69 कार्यालय बन गये हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा गोरखपुर में पार्टी के गोरखपुर क्षेत्र के नवनिर्मित क्षेत्रीय कार्यालय के उद्घाटन के बाद आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। पार्टी कार्यकताओं का आहवान करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि कार्यालय की लाईब्रेरी में अध्ययन करो। तुम्हारे कंधों पर भारत का भविष्य है। इसलिए अध्ययन जरूरी है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि परिवारवाद वंशवाद जातिवाद भाई भतीजावाद और भ्रष्टाचार राजनीति के पर्यायवाची बन गये थे। नड्डा ने कहा कि हमारी सरकार जवाबदेही सरकार है। समस्या आती है तो उससे लड़ने वाली सरकार है।

मोदी के नेतृत्व में देश को आगे बढ़ाते हैं तो योगी के नेतृत्व में प्रदेश को आगे बढ़ाते हैं। नड्डा ने कहा कि इस देश में चिकनपाक्स की दवा को आने में 27 वर्ष लग गये। ओरल पोलियो को भारत आने में 30 साल लग गये। आपकी जापानी बुखार जिसकी दवा 1906 में जापान में बन गयी थी। इस दवा को भारत आने में 100 वर्ष लग गये। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोरोना की दो–दो वैक्सीन बहुत कम समय में दे दी। दुनिया का सबसे तेज गति से लगने वाले इंजेक्शन का कार्यक्रम भारत ने सफल किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 48 देशों को मुफ्त कोरोना वैक्सीन पहुंचाई है। भारत अब मांगने वाला नहीं देने वाला देश बन गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह,प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता और राज्यसभा सांसद संगीता यादव प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं।

## राज्यसभा चुनाव में दखल देने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान राज्यसभा चुनाव में बीएसपी से कांग्रेस में शामिल हुए विधायकों के वोट देने के अधिकार के मामले पर जल्द सुनवाई से इनकार कर दिया है। चुनाव प्रक्रिया शुरू होने की वजह से राजस्थान हाई कोर्ट ने भी दखल देने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया था। आज जस्टिस एमआर शाह की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि रजिस्ट्री ने चीफ जस्टिस को इसकी सूचना दी है लेकिन चीफ जस्टिस से उन्हें कोई सूचना नहीं मिली है। अगर चीफ जस्टिस सहमत होते हैं तो सुनवाई होगी। बीएसपी से कांग्रेस में शामिल हुए 6 विधायकों के वोटों को सील कवर में रखने और गिनती में शामिल ना करने की याचिका दाखिल की गई है। 9 जून को सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को चीफ जस्टिस या रजिस्ट्रार के सामने मेंशन करने को कहा था। वकील हेमंत नाहटा की ओर से दाखिल याचिका में कहा गया है कि बीएसपी के छह विधायकों को अवैध तरीके से कांग्रेस का सदस्य बताया जा रहा है। राजस्थान हाई कोर्ट इस याचिका को खारिज कर चुका है। हाई कोर्ट ने कहा कि चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और दलबदल का मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। इसलिए इस मामले में दखल नहीं दे सकते। हाई कोर्ट के इस आदेश के बाद सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है।

## बाबा योगेन्द्र का निधन कला जगत के लिए बड़ी क्षतिः शाह



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक बाबा योगेन्द्र के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि बाबा योगेन्द्र का निधन कला जगत के लिए बड़ी क्षति है। शाह ने शुक्रवार को ट्वीट कर कहा, संस्कार भारती के संस्थापक पद्मश्री बाबा योगेन्द्र जी ने कला के माध्यम से युवाओं में भारतीय संस्कारों को पल्लवित करने और कलासाधकों को एक मंच देने का भगीरथ कार्य किया।

ऐसे कलाऋषि का जाना समस्त कला जगत के लिए बड़ी क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। पद्मश्री बाबा योगेंद्र 98 वर्ष की आयु में आज लखनऊ में निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से अस्वस्थ्य थे तथा उनका अस्पताल में उपचार चल रहा था। बाबा योगेंद्र कला के क्षेत्र में काम करने वाली संस्था संस्कार भारती के अनेक वर्षों तक राष्ट्रीय संगठन मंत्री रहे। उनका जन्म 7 जनवरी, 1924 को उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में हुआ था। बचपन में गांव में ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा में जाने लगे। इसके बाद गोरखपुर में पढ़ाई के दौरान उनका संपर्क संघ के प्रचारक नानाजी देशमुख से हुआ ।

संघ का प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद वह प्रचारक निकले। बाबा जोगेंद्र गोरखपुर, प्रयाग, बरेली, बदायूं और सीतापुर में प्रचारक रहे । वर्ष 1981 में जब संस्कार भारती संगठन बना, तो बाबा योगेंद्र को कार्य सौंपा गया। कला साधकों के मन में उन्होंने राष्ट्र भाव का जागरण किया । संस्कार भारती आज कला के क्षेत्र में अग्रणी संस्था है तो इसका श्रेय बाबा योगेंद्र को ही जाता है।

## राजद अलग-अलग तरीके से मनाएगा लालू प्रसाद का जन्म दिवस

**- तेज प्रताप लालू पाठशाला की शुरूआत करेंगे, पार्टी गरीबों को खिलाएगी खाना**



**पटना (ईएमएस)।** राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव 75वीं जन्मतिथि 11 जून को अलग-अलग तरीके से मनाई जाएगी। राजद इस दिन को सामाजिक न्याय एवं सद्भावना दिवस के रूप में मनाएगा तो विधायक तेजप्रताप यादव इसी दिन से लालू पाठशाला की शुरूआत करेंगे। तेजप्रताप ने इंटरनेट मीडिया के जरिए इसकी घोषणा की है।

तेजप्रताप ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल के माध्यम से बताया है कि इसी दिन वह पाठशाला का शिलान्यास भी करने जा रहे हैं। इसकी प्रेरणा उन्हें नालंदा के सोनू से मिली है। तेजप्रताप ने लिखा कि वायरल ब्वाय सोनू ने राज्य सरकार की भ्रष्ट व्यवस्था की पोल खोल दी है। प्रदेश में हजारों सोनू शिक्षा से वंचित हैं। गरीबी के चलते कोई दूसरा सोनू शिक्षा से वंचित न रहे, इसके लिए लालू पाठशाला की शुरूआत करने जा रहा हूं। इससे पहले तेज प्रताप यादव लालू रसोई की भी शुरूआत कर चुके हैं। लालू प्रसाद की 75वीं जन्मतिथि को राजद सामाजिक न्याय एवं सद्भावना दिवस के रूप में मनाएगा। इस दिन राज्य भर के गांवों एवं मोहल्लों में गरीबों को भोजन कराया जाएगा। राजद के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने इस संबंध में निर्देश जारी कर दिया है। राजद के वर्तमान एवं पूर्व सांसदों, विधायकों, विधान पार्षदों के साथ-साथ संगठन के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। इसमें प्रखंड से लेकर जिला स्तर के पदाधिकारियों की भी भूमिका रहेगी। राजद के सभी जिला एवं प्रखंड कार्यालयों में भी भोजन का आयोजन किया जाएगा। राजद प्रवक्ता ने कहा कि लालू प्रसाद का जीवन गरीबों के प्रति समर्पित रहा है। उन्हें मान-सम्मान तथा हक दिलाने के लिए वे हमेशा प्रयासरत रहे हैं।

## भारत ने वियतनाम को प्रशिक्षण स्कूल के लिए 10 लाख अमेरिकी डॉलर सौंपे

**- रक्षा मंत्री ने वायु सेना अधिकारी प्रशिक्षण स्कूल और न्हा ट्रांग स्थित दूरसंचार विश्वविद्यालय का दौरा किया**
**- वायु सेना अधिकारी प्रशिक्षण स्कूल को सहायता खरीद के लिए 50 लाख भारतीय रुपये का उपहार सौंपा**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** वियतनाम के दौरे पर गए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तीसरे दिन वायु सेना अधिकारी प्रशिक्षण स्कूल और न्हा ट्रांग स्थित दूरसंचार विश्वविद्यालय गए। राजनाथ सिंह ने वियतनाम को भाषा, आईटी प्रशिक्षण स्कूल के लिए 10 लाख अमेरिकी डॉलर सौंपे। उन्होंने स्कूल की उपलब्धियों के लिए वियतनाम पीपुल्स एयर डिफेंस और वायु सेना के प्रशिक्षित पायलटों के बहुमूल्य योगदान को सराहा। भारत में ट्रेनिंग के लिए जाने से पहले वियतनामी पायलटों का चयन इसी स्कूल में प्रशिक्षण दिए जाने के बाद किया जाता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि इस स्कूल में 2018 से दो सदस्यीय भारतीय सेना बल प्रशिक्षण दल (आईएएफटीटी) वियतनामी पायलटों को अंग्रेजी और पूर्व उड़ान प्रशिक्षण देने के लिए प्रतिनियुक्ति पर है, जो उन्हें भारत में दिए जाने वाले प्रशिक्षण को बेहतर ढंग से करने के लिए तैयार कर रहा है। उन्होंने प्रशिक्षण सहायता की खरीद के लिए 50 लाख भारतीय रुपये का उपहार सौंपा। उन्होंने स्कूल में एक भाषा और आईटी प्रयोगशाला की स्थापना के लिए 10 लाख अमेरिकी डॉलर सौंपे। राजनाथ सिंह ने कहा कि यह प्रयोगशाला वियतनाम वायु रक्षा और वायु सेना कर्मियों के लिए भाषा और आईटी कौशल बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देगी। इससे शिक्षण क्षमता बढ़ने के साथ ही विश्वविद्यालय में प्रशिक्षु बेहतर और आसान तरीके से प्रशिक्षण ले सकेंगे। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि यह परियोजना अच्छी तरह से आगे बढ़ रही है और अगले साल की शुरूआत में इसके पूरा होने का कार्यक्रम है। मुझे विश्वास है कि आर्मी सॉफ्टवेयर पार्क वियतनाम पीपुल्स आर्मी में आईटी से संबंधित कौशल को बढ़ाने में सकारात्मक योगदान देगा। उन्होंने वायु सेना अधिकारी प्रशिक्षण स्कूल और वियतनाम की वायु रक्षा के साथ भारतीय वायु सेना के बढ़ते सहयोग को देखकर भी खुशी जताई। उन्होंने कहा कि हमने अपनी वायु सेना अकादमी में 10 वियतनामी पायलटों को बुनियादी उड़ान प्रशिक्षण प्रदान किया है। इसके बाद रक्षा मंत्री वियतनाम के न्हा ट्रांग स्थित दूरसंचार विश्वविद्यालय गए। उन्होंने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों और वियतनाम पीपुल्स आर्मी के प्रशिक्षण में इसके बहुमूल्य योगदान को सराहा। उन्होंने कहा कि सितंबर, 2016 में भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की वियतनाम यात्रा के दौरान दूरसंचार विश्वविद्यालय में एक आर्मी सॉफ्टवेयर पार्क की स्थापना के लिए 5 मिलियन डॉलर के अनुदान की घोषणा की गई थी। रक्षा मंत्री ने कहा कि दूरसंचार विश्वविद्यालय के साथ हमारा पुराना सहयोग रहा है। भारत-आसियान सहयोग ढांचे के तहत हमने 2015 में एक अंग्रेजी और आईटी प्रयोगशाला स्थापित करने में सहायता की। एक दो सदस्यीय भारतीय सेना प्रशिक्षण दल (आईएटीटी) को अंग्रेजी और आईटी प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 2015 से दूरसंचार विश्वविद्यालय में प्रतिनियुक्त किया गया।


हमारे सहयोगी संरक्षक एवम् ब्यूरो प्रमुख

प्रधान सम्पादक – नरेन्द्र कुमार

सहयोगी संरक्षक
अनिल सेठी
नरेश ए बाबू-कार्यकारी निदेशक
संपादन सहयोगी - मोहित शुक्ला

सदस्य एवं रिपोर्टर

•राजकुमार कश्यप (दिल्ली) •दीपक कुमार (पटियाला)
• वीरेन्द्र कुमार ठाकुर •वीरेंद्र सिंह बघेल (फरीदाबाद)
• अनीता सिंह •राम नाथ •मुकेश गुप्ता, मीनाक्षी निगम
•मोहम्मद शमशेर (दिल्ली) • मुकेश जोशी (उत्तराखण्ड)
• अशोक कुमार, काजल शर्मा (गुरूग्राम)
• अवध किशोर त्रिपाठी (अहमदाबाद)
•श्याम लाल (मेरठ) •रामनरेश सिंह (पडरौना, उत्तरप्रदेश)
•नवीन सुरेल, तालबहेट, ललितपुर, (झाँसी)
• ओम शुक्ला, मनीष शुक्ला, शिवम शुक्ला (कानपुर)
• ओमपाल वर्मा, इन्द्रमणी मंडल (रायपुर छत्तीसगढ़)
• फ्रूमू लामों सिलीगुड़ी, रोशन कुमार मिश्रा (पश्चिम बंगाल)
■ पिंटू बनर्जी (पश्चिम बंगाल )

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक हैं।



समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री, लेख, रचनाओं, एवम् विज्ञापनों में लेखकों और विज्ञापन दाताओं के अपने विचार हैं। इसके लिए दिल्ली क्राईम व भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही मान्य होगा।

विशेष :- किसी भी परिस्थिति में निर्णय लेने का अधिकार केवल संपादक को है।



S-529, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली - 110092
संपर्क – 011-35631400
Customer Care No.
83750 00628



ADVERTISMENT RATE TARIFF PLAN

FULL PAGE | HALF PAGE | QUARTER PAGE

| | |
|---|---|
| FULL FRONT PAGE | ₹1,20,000/- |
| FULL INNER PAGE | ₹60,000/- |
| FULL BACK PAGE | ₹90,000/- |
| HALF FRONT PAGE | ₹66,000/- |
| HALF PAGE INNER | ₹36,000/- |
| HALF PAGE BACK | ₹51,000/- |
| QTR. PAGE FRONT | ₹36,000/- |
| QTR. PAGE INNER | ₹21,000/- |
| QTR. PAGE BACK | ₹30,000/- |

Classifieds Ads. Per Column / 3 CM. Rs.2100/-
Visiting Card Size Advertisements:
Front Page Rs. 6000/- Back Page Rs. 4500/-
Inner Page Rs.3000/-

# बीते जमाने की ट्रेजेडी क्वीन मीना कुमारी की बायोपिक में मुख्य भूमिका निभाएंगी कृति सैनन



**मुंबई (ईएमएस)।** हिंदी सिनेमा की ट्रेजेडी क्वीन के नाम से प्रसिद्ध बीते जमाने की दिग्गज अभिनेत्री मीना कुमारी की बायोपिक को लेकर काफी समय से चर्चा चल रही है। इस बायोपिक में मीना कुमारी का रोल बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन निभाएंगी और इसे हंसल मेहता डायरेक्ट करेंगे। इस खबर को कृति सैनन की टीम ने सोशल मीडिया पर एक फोटो शेयर कर कंफर्म कर दिया है, लेकिन हंसल मेहता का बयान काफी चौंकाने वाला है। दिग्गज अभिनेत्री मीना कुमारी के बायोपिक बनाने की प्लानिंग कई महीनों से चल रही है। इस फिल्म में मीना कुमारी का लीड रोल प्ले करने का ऑफर कृति सेनन को मिला है। मीना कुमारी के बायोपिक के सिलसिले में कृति और हंसल मेहता बॉलीवुड के फेमस कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा के ऑफिस में एक साथ स्पॉट हुए। कृति सेनन की टीम ने इंस्टाग्राम पर हंसल मेहता के साथ तस्वीर शेयर कर इस खबर को कंफर्म किया कि मीना कुमारी की बायोपिक बन रही है। उन्होंने ट्विटर पर लिखा मीना कुमारी के बायोपिक के लिए कृति सेनन हंसल मेहता के साथ काम कर रही हैं। ऑफिशियल अनाउंसमेंट जल्द। यहां तक तो सब ठीक था, लेकिन हंसल मेहता ने कृति के इस पोस्ट को शेयर कर लिखा ओके। हम मुकेश छाबड़ा के ऑफिस में मिले और बातें की। बाकी फिलहाल सिर्फ अटकलें हैं। हंसल मेहता के इस पोस्ट के बाद मामला कुछ पेंचीदा लग रहा है। ऐसा लग रहा है कि मीना कुमारी के बायोपिक को लेकर अभी कुछ संशय है। अब जब खुद कृति ने भी इसका कंफर्मेशन दे दिया है तो हंसल मेहता का पोस्ट कंफ्यूजन क्रिएट कर रहा है।

# अब फिल्म 17 जून की जगह 8 जुलाई को प्रदर्शित की जाएगी विद्युत जामवाल का नया एक्शन थ्रिलर




**मुंबई (ईएमएस)।** विद्युत जामवाल की अपकमिंग फिल्म खुदा हाफिज 2 का दर्शक इंतजार कर रहे हैं। इस एक्शन ड्रामा फिल्म को प्रोड्यूसर पहले 17 जून को सिनेमाघरों में रिलीज करने वाले थे, लेकिन अब फिल्म की रिलीज डेट आगे बढ़ा दी गई है। फारूक कबीर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में विद्युत के अपोजिट शिवालिका ओबेरॉय नजर आएंगी। एक दमदार टीजर के साथ मेकर्स ने नई रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। खुदा हाफिज 2 एक्शन थ्रिलर फिल्म खुदा हाफिज का सीक्वल है। ये फिल्म साल 2020 में रिलीज हुई थी। खुदा हाफिज 2 को लेकर विद्युत जामवाल काफी चर्चा में हैं। इस फिल्म में एक्टर के एक्शन को देखने के लिए दर्शकों को थोड़ा और इंतजार करना पड़ेगा। जाने माने फिल्म समीक्षक तरण आदर्श और खुद एक्टर ने सोशल मीडिया पर एक दमदार टीजर शेयर कर फिल्म की नई रिलीज डेट की जानकारी दी है। अब फिल्म 17 जून की बजाय 8 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। टीजर में एक्टर भारी बारिश के बीच में पानी से तर-ब-तर फाइट के लिए ललकारते नजर आ रहे हैं। आस-पास कुछ लोग गिरे-पड़े नजर आ रहे हैं। वहीं अपनी इस फिल्म की रिलीज डेट की जानकारी के साथ विद्युत जामवाल ने इंस्टाग्राम पर कैप्शन में लिखा वह अपनी आखिरी सांस तक अपनी फैमिली के लिए लड़ेगा। बता दें कि बॉलीवुड में अपने एक्शन की वजह से खास पहचान बना चुके विद्युत जामवाल मार्शल आर्ट में ट्रेंड एक्टर हैं और वह अक्सर अपनी फिल्मों में दमदार स्टंट करते हुए देखे जाते हैं। इतना ही नहीं विद्युत प्रोडक्शन हाउस एक्शन हीरो फिल्म्स को लॉन्च करके अब प्रोड्यूसर भी बन गए है। एक्टर राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्ममेकर संकल्प रेड्डी के साथ अपनी पहली जासूसी थ्रिलर फिल्म आईबी 71 (IB 71) बना रहे हैं। सच्ची घटना पर आधारित इस फिल्म में एक्टर खुफिया अधिकारी के रोल में नजर आएंगे।

# अभिनेत्री संयुक्ता की पुरानी यादें हुई ताजा

**- '777 चार्ली' देखने के बाद अपने कुत्तों के साथ बिताए पल आए याद**



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड एक्ट्रेस अभिनेत्री संयुक्ता हेंगड़े ने '777 चार्ली' फिल्म और उसके कलाकारों को लेकर तारीफ की है। एक्टर रक्षित शेट्टी को जन्मदिन की बधाई देते हुए संयुक्ता ने मैसेज लिखा है। "आपको जन्मदिन मुबारक हो। कल '777 चार्ली' देखने से मुझे अपने कुत्तों के साथ वर्षों से बिताए कई पलों को फिर से जीवंत कर दिया। यह काफी बेहतरीन फिल्म है, आपने सभी भावनाओं को इतनी अच्छी तरह से कैद किया है।" "आप सब बहुत ही बेहतरीन है, इस फिल्म को इतने अच्छे से काम किया आपने। मुझे यकीन है कि स्क्रीन पर मैंने जो कुछ भी देखा वो सबके लिए काफी कठिन है। लेकिन आपने सब बहुत ही बेहरीन ढग से किया है।" "कलाकार, क्रू सभी ने बेहतर प्रदर्शन किया जैसा हमने पहले नहीं देखा है। यह आपके दिल के सभी तारों को बजाकर दिखाता है कि एक कुत्ता आपके जीवन को कितना बेहतर बना सकता है।" "मुझे लगता है यह फिल्म जरूर देखनी चाहिए, खासकर उन लोगों के लिए जिनके पास कुत्ते नहीं हैं। कन्नड़ फिल्में पूरे देश में धूम मचा रही हैं!"

# फिल्म की सक्सेस पर कमल हासन ने सूर्या को दिया स्पेशल गिफ्ट



कमल हासन की फिल्म विक्रम बॉक्स-ऑफिस पर नए रिकॉर्ड्स बना रही है। फिल्म की सक्सेस के बाद कमल हासन ने खुश होकर फिल्म की कास्ट और क्रू को स्पेशल गिफ्ट्स दिए हैं। डायरेक्टर्स, टेक्नीशियंस से लेकर फिल्म के एक्टर्स तक उन्होंने हर किसी को कुछ न कुछ स्पेशल गिफ्ट दिया है। अब, उन्होंने सूर्या को कुछ ऐसा अनोखा तोहफा दिया है जो फिल्म में उनके कैरेक्टर पर आधारित है। कमल हासन ने सूर्या को रोलेक्स के कैरेक्टर में उनकी आउटस्टैंडिंग परफॉर्मेंस के लिए रोलेक्स की घड़ी गिफ्ट की है। एक्टर ने सूर्या से पर्सनली मिलकर उन्हें वॉच गिफ्ट की है। सूर्या ने कमल हासन के साथ अपनी नई वॉच को फ्लॉन्ट करते हुए सोशल मीडिया पर फोटोज शेयर की हैं।

# मेजर मोनिका मेहरा के रूप में वापस आई जेनिफर

**-'कोड एम' जेनिफर विंगेट की ओटीटी शुरूआत**




**मुंबई (ईएमएस)।** छोटे परदे की एक्ट्रेस जेनिफर विंगेट 'कोड एम' के सीजन 2 में मेजर मोनिका मेहरा के रूप में वापस आ गई हैं। टीवी शो 'बेहद 2' में एक मनोरोगी माया की भूमिका निभाते हुए नजर आने वाली अभिनेत्री इस सीरीज में एक निडर और बहादुर मोनिका मेहरा के रूप में नजर आ रही हैं, जो भारतीय सेना के इर्द-गिर्द घूमती सीरीज की हीरो हैं। एकता आर कपूर की 'कोड एम' जेनिफर की ओटीटी शुरूआत है। एक्ट्रेस ने बताया कि, उन्हें अपनी भूमिका इतनी पसंद क्यों है और यह चुनौतीपूर्ण क्यों है। उन्होंने अपने फिटनेस मंत्र के बारे में भी बात की। जबकि 'कोड एम' के सीजन 1 में भारतीय सेना की वकील मेजर मोनिका मेहरा, जो भारतीय सेना के अधिकारियों की हत्या से संबंधित मामलों की जांच कर रही हैं, को देखा गया, सीजन 2 उनके चरित्र का अधिक विस्तृत पक्ष लाएगा।जैसा कि उन्होंने बताया, "हम सभी उसे देश के प्रति प्रतिबद्धता और प्यार को जानते हैं। लेकिन इस सीजन में आपको मोनिका का बचपन और कुछ यादें, कुछ ऐसे मौके भी देखने को मिलेंगे, जो उन्हें जिंदगी भर सताते रहे। और यह चलन में आ जाएगा, और हम इस बार मोनिका के जीवन पर एक अलग नजर डालेंगे।" 'बेपनाह' की अभिनेत्री ने आगे सह-अभिनेताओं तनुज विरवानी, रजत कपूर और स्वानंद किरकिरे के साथ अपने काम के अनुभव के बारे में बात की। "यह सिर्फ एक शानदार अनुभव था। पहले सीजन में, मुझे रजत कपूर और तनुज के साथ काम करने का मौका मिला। मुझे मिस्टर कपूर से बहुत कुछ सीखने को मिला। उनके और तनुज के साथ काम करना अद्भुत था।"आखिर में सीरीज में अपने चरित्र के लिए इतना प्यार और प्रशंसा प्राप्त करने के बाद, वह कहती है, "मैं आभारी हूं क्योंकि सशस्त्र बलों से एक चरित्र को निभाने के लिए, बहुत सारी जिम्मेदारी है, और बहुत सारी उम्मीदें हैं। और ऐसा करने के लिए, और लोगों से उतना ही प्यार पाने में सक्षम होना जितना उन्होंने मुझे इन वर्षों में दिया है, बस बहुत उत्साहजनक है। और मैं बेहद धन्य महसूस करती हूं।" जेनिफर के साथ तनुज विरवानी और स्वानंद किरकिरे भी 'कोड एम' सीजन 2 में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

# महिमा चौधरी को हुआ ब्रेस्ट कैंसर



बॉलीवुड एक्ट्रेस महिमा चौधरी कैंसर से जूझ रही हैं। हाल ही में अनुपम खेर ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट कर इस बात का खुलासा किया। इस वीडियो में महिमा बता रही हैं कि अनुपम खेर ने उन्हें एक प्रोजेक्ट पर काम करने के लिए कॉल किया था, जिसके बाद उन्होंने अनुपम को अपनी बीमारी के बारे में बताया था। वीडियो में इस बारे में बात करते हुए महिमा इमोशनल हो जाती हैं। वहीं अनुपम ने वीडियो को शेयर करते हुए महिमा को हीरो बताया। अनुपम ने लिखा, 'मैंने एक महीने पहले अपनी 525वीं फिल्म 'द सिग्नेचर' में अहम रोल निभाने के लिए महिमा चौधरी को अमेरिका से फोन किया था। तब मैं वर में था। हमारी अच्छी बातचीत हो रही थी और तभी मुझे पता चला कि वो ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रही हैं। उनका जीवन जीने का तरीका और उनका एटिट्यूड दुनियाभर में कई महिलाओं को नई प्रेरणा दे सकता है।'

# ड्येन जॉनसन स्टारर ब्लैक एडम का ट्रेलर हुआ रिलीज




ड्येन जॉनसन स्टारर ब्लैक एडम का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह फिल्म डीसी कॉमिक्स के सुपरहीरो पर बेस्ड है। ब्लैक एडम 2019 में आई फिल्म शाज्म का स्पिन ऑफ बताई जा रही है। इसमे ड्येन के साथ साराह शाही, मारवान केनजारी भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म को जौम कॉलेट सेर्रा डायरेक्ट किया है। ब्लैक एडम 21 अक्टूबर को रिलीज होगी।

# असित मोदी बोले- दिशा वकानी नहीं लौटेंगी शो में वापस



टीवी का पॉपुलर शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' का हाल ही में एक प्रोमो शेयर किया गाया, जिसमें दिखाया गया कि शो में दयाबेन की जल्द वापसी होने जा रही है। ऐसे में दिशा के फैंस कयास लगाने लगे कि वो एक बार फिर दयाबेन के कैरेक्टर में नजर आएंगी। लेकिन अब हाल ही में एक इंटरव्यू में बातचीत के दौरान शो के प्रोड्यूसर असित मोदी ने बताया कि शो में दयाबेन का किरदार दिशा नहीं बल्कि कोई नई एक्ट्रेस निभाने वाली है। असित ने बताया, 'दयाबेन का कैरेक्टर शो में लौटने के लिए पूरी तरह से तैयार है, लेकिन दिशा वकानी इसे नहीं निभाएंगी। दिशा के रिप्लेसमेंट के लिए ऑडिशन चल रहे हैं और जल्द ही इसके लिए नई एक्ट्रेस का चुनाव कर लिया जाएगा।' असित मोदी से जब पूछा गया कि दिशा ने 5 साल पहले शो छोड़ दिया था।

ऐसे में उनका रिप्लेसमेंट ढूंढने में इतना वक्त क्यों लगा? इस पर असित ने कहा, 'दिशा को रिप्लेस करने में हमें इतना समय इसलिए लगा, क्योंकि शादी के बाद भी दिशा ने हमारे साथ कुछ समय तक काम किया। इसके बाद उन्होंने अपने बच्चे की परवरिश के लिए ब्रेक लिया। उन्होंने कभी भी शो नहीं छोड़ा था।'

# मधुबनी में शुरू हुई मैथिली फिल्म 'जैक्सन हॉल्ट' की शूटिंग, इम्तियाज अली ने दी शुभकामनाएं



**मुंबई (ईएमएस)।** भोजपुरी फिल्म जैक्सन हॉल्ट की शूटिंग इन दिनों बिहार के लोकेशन पर जारी है। चंपारण टॉकीज के बैनर तले बन रही मैथिली फिल्म जैक्सन हॉल्ट की शूटिंग इन दिनों भीषण गर्मी में मधुबनी में जोर-शोर से चल रही है। फिल्म को ब्राह्मोतरा, मधुबनी में उगना महादेव के आस-पास के खूबसूरत लोकेशन पर फिल्माया जा रहा है। इस फिल्म की निमार्ता हॉलीवुड अभिनेत्री नीतू चंद्रा श्रीवास्तव एवं नितिन चंद्रा श्रीवास्तव हैं। नेशनल अवार्ड विनर निर्देशक नितिन चंद्रा श्रीवास्तव ही इन फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं, जो पहले मिथिला मखान, देसवा जैसी शानदार फिल्में मैथली व भोजपुरी में बना चुके हैं। अब वह फिर नए स्केल पर एक बेहतरीन कहानी को लेकर मैथली में फिल्म जैक्सन हॉल्ट बना रहे हैं। नितिन चंद्रा श्रीवास्तव ने कहा फिल्म जैक्सन हॉल्ट मैथली फिल्म है। इसलिए हमने इस भाषा के अधिकतर लोगों को फिल्म में कास्ट किया है। उन्होंने बताया कि हमने फिल्म का बहुत सारा हिस्सा शूट कर लिया है। 15 दिनों का शेड्यूल रखा था और इसलिए अब हम जल्द ही फिल्म की शूटिंग पूरी कर लेंगे। यह फिल्म भी हम शानदार कैनवस पर बना रहे हैं। उम्मीद है दर्शकों को और फिल्म क्रिटक्स को यह पसंद आएगी। उन्होंने बताया कि फिल्म जैक्सन हॉल्ट कांति प्रकाश झा, दुर्गेश कुमार, निश्छल अभिषेक, राम बहादुर रेणु के साथ पीयूष कुमार, निभा झा, विजय, हेमेंद्र लाभ, मुन्नी, सूजीत, शिवानी झा भी फिल्म में नजर आने वाली हैं। भोजपुरी दर्शक इस फिल्म के रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म के लिए बॉलीवुड निर्देशक इम्तियाज अली ने ढ़ेर सारी शुभकामनाएं भेजी हैं।

# फिल्म ब्रह्मास्त्र से जारी हुआ अमिताभ बच्चन का फर्स्ट लुक




अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' काफी समय से चर्चा में है। इस फिल्म में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और अमिताभ बच्चन,मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में इन तीनों कलाकारों के अलावा नागार्जुन, डिम्पल कपाड़िया और मौनी रॉय भी महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म से लीड एक्टर रणबीर कपूर और आलिया भट्ट का फर्स्ट लुक रिवील करने के बाद हाल ही में मेकर्स ने इस फिल्म का शानदार और जबरदस्त टीजर जारी किया था, जिसे दर्शकों के बीच काफी पसंद किया गया। वहीं अब मेकर्स ने फिल्म से अमिताभ बच्चन का भी फर्स्ट लुक जारी कर दिया है। अमिताभ बच्चन के इस फर्स्ट लुक को धर्मा प्रोडक्शन ने सोशल मीडिया पर साझा करते हुए लिखा-'गुरू है गंगा ज्ञान की । काटे भाव का पाश, गुरू उठा ले अस्त्र जब... करे पाप का नाश'.....एक ऐसी रोशनी जिसमें है...अंधेरे को हराने की शक्ति। 'इसके साथ ही मेकर्स ने बताया है कि फिल्म का ट्रेलर 15 जून को आएगा। फिल्म के इस फर्स्ट लुक में अमिताभ बच्चन सफेद दाढ़ी और बालों में नजर आ रहे हैं। पोस्टर में अभिनेता के चेहरे पर दो जगह चोट के निशान हैं, जिनसे खून निकल रहा है। उनके हाथ में एक तलवार भी है जिसे उन्होंने धारदार जगह से पकड़ा हुआ है। अयान मुखर्जी की फैंटेसी एक्शन फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' में अमिताभ ब्रह्मा के किरदार में, रणबीर शिवा और आलिया भट्ट ईशा के किरदार में नजर आयेंगी। फिल्म को करण जौहर, रणबीर कपूर, अपूर्व मेहता और नामित मुखर्जी संयुक्त रूप से प्रोड्यूस कर रहे हैं। यह पांच भाषाओं हिंदी, तमिल, तेलुगू, मलयालम और कन्नड़ में 9 सितंबर, 2022 को रिलीज होगी।

# धाकड़ को 92 करोड़ और बच्चन पांडे को हुआ 120 करोड़ का नुकसान



अक्षय कुमार और मानुषी छिल्लर स्टारर फिल्म सम्राट पृथ्वीराज, 3 जून को रिलीज हो चुकी है। फिल्म को 300 करोड़ के बड़े बजट में तैयार किया गया था, हालांकि अब तक की कमाई देखते हुए फिल्म घाटे में जाती दिख रही है। 3750 स्क्रीन्स पर रिलीज होने के बावजूद फिल्म ने पहले दिन महज 10 करोड़ रुपए ही कमाए थे। अब तक फिल्म ने कुल 59 करोड़ का कलेक्शन ही किया है। इसे देखकर फिल्म का 100 करोड़ क्लब में पहुंचना भी मुश्किल लग रहा है। सम्राट पृथ्वीराज के अलावा भी इस साल रिलीज हुई कई फिल्में ऐसी हैं, जो बजट निकाल पाने में भी फेल हो गई हैं।

## सूडोकु नवताल- 6098

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6097 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

## शब्दजाल - 6845

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मे | म | सा | ब | सी | ब | से | ज | ग | ल | व |
| म | रे | ली | प्रे | शा | न | स | व | ज | कां | ड़ |
| स | मे | हु | बा | दी | छ | मि | आ | क | ब | क |
| इं | नौ | ब | जु | बा | वा | स | थ | ह | ष | रा |
| डि | आ | शि | का | र | चा | न | सा | न | भ | जा |
| या | ल | मि | र | रा | क | ब | ती | ण | घ | रा |
| द | सिं | प | ल | छ | वा | र | स | बा | व | नी |
| ह | ह | ऊ | ई | न | ब | क | फ | चो | श | क |
| म | म | तु | ला | र | की | स | या | औ | र | आ |
| दो | गॉ | ल | प | लि | जी | रा | भ | म | प | द |
| नों | ड | क | र्क | य | क | र | त | सं | ता | न |

*शब्दजाल में जॉनी वाकर की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम ऊपर से नीचे एवं तिरछे हैं.*

मेरे हुजूर, शिकार, मेमसाब, नवाब साहब, मिलन की रात, संतान, सेवक, राजा रानी, शान, हम दोनों

**शब्दजाल - 6844 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| छ | ती | स | घं | टे | द | रि | बु | लं | दी | क |
| दो | वि | ल | ग | व | जी | ग | द | इ | ता | ली |
| उ | उ | ला | ल | को | ठी | ची | ता | रा | ऊं | क |
| स्ता | ज | स | दो | पु | ज | न | ही | न | चे | क |
| द | खु | चो | द | लू | लं | का | रो | ग | लो | क |
| जी | द | ल | रों | य | ख | धुं | ना | हि | ग | को |
| ती | लो | लै | ड्री | की | प | ध | श | चु | र | ल |
| क | र्ज | ला | ई | धा | बा | क | गो | ल | नौ | ण |
| ने | बा | म | न्न | ब्रा | ह | रा | री | श | प | ती |
| तें | दु | ज | प | व | जी | र्त | त | बें | हा | त |
| क | दु | नू | रा | नी | ल | गा | य | द | प | थ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग-5798

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | | 4 | 5 | 7 | |
| | 25 | 7 | 32 | | 36 | |
| | 2 | | 6 | 3 | | 4 |
| 3 | 31 | 6 | 32 | | 33 | |
| | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | 37 | 5 | 31 | | 30 | |
| | 5 | | 3 | 2 | 7 | |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

**अष्टयोग 5797 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 7 | 6 | 1 | 5 |
| 5 | 33 | 7 | 35 | 1 | 28 | 3 |
| 1 | 6 | 5 | 4 | 3 | 7 | 2 |
| 2 | 35 | 3 | 35 | 7 | 32 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |
| 6 | 33 | 1 | 31 | 5 | 30 | 4 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 2 | 5 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

स्वामी एवं संपादक इंद्रा द्वारा S-529, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली - 110092 से जारी
Customer Care No:- 8375000628, For News & Advertisement- 8588881461, Email-info@delhicrimepress.in, Website- www.Delhicrimepress.in